वर्ष : 34 | अंक : 256 | मुंबई, रविवार, 23 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## कांग्रेस में दो फाड़



**वडेट्टीवार ने मनसे से गठबंधन का किया समर्थन, वर्षा गायकवाड़ ने किया इंकार**


महाराष्ट्र में कांग्रेस आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में मनसे के साथ गठबंधन को लेकर बंटी हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने एकजुट होकर चुनाव लड़ने का समर्थन किया है, जबकि उनका यह रुख इस मुद्दे पर राज्य और मुंबई कांग्रेस के नेताओं के विचारों से उलट है।वडेट्टीवार ने भाजपा को हराने के लिए विपक्षी एकता के महत्व पर जोर देने वाले राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार के बयान का भी हवाला दिया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि आखिरकार विचारधारा मायने रखती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस गठबंधन बनाने के लिए अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करेगी।

## वर्षा गायकवाड़ ने मनसे से गठबंधन से किया इनकार

वडेट्टीवार का मनसे को दिया गया यह खुला समर्थन मुंबई कांग्रेस इकाई के फैसले के विपरीत है, जिसने पहले ही बीएमसी चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख हर्षवर्धन सपकाल ने अपनी बात दोहराई है कि पार्टी कभी भी 'हिंसा में लिप्त लोगों' से हाथ नहीं मिलाएगी।मुंबई कांग्रेस की प्रमुख वर्षा गायकवाड़ ने भी मनसे पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा था कि कांग्रेस उन लोगों से कभी गठबंधन नहीं करेगी जो कानून अपने हाथ में लेते हैं और दूसरों को धमकाते हैं। सूत्रों के अनुसार, महा विकास आघाडी (एमवीए) के सदस्य उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) और राज ठाकरे के नेतृत्व वाली मनसे के बीच बढ़ती नजदीकियों ने भी स्पष्ट रूप से कांग्रेस के स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के फैसले को प्रभावित किया था।

### मुंबई नगर निगम चुनाव

# नए गठबंधन का उदय



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

**मुंबई नगर निगम चुनाव से पहले महाविकास आघाड़ी में दरार गहराती दिख रही है। राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में शिवसेना यूबीटी और मनसे के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने कांग्रेस को भी इसी गठबंधन में शामिल होने की सलाह दी, लेकिन कांग्रेस इस पर सहमत नहीं दिख रही है।**

- राकांपा (एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और मनसे के साथ मिलकर लड़ेगी चुनाव
- शरद पवार ने किया उद्धव-राज ठाकरे का समर्थन

### अभी कोई प्रस्ताव नहीं: मनसे

मनसे महासचिव संदीप देशपांडे ने साफ किया कि उनकी पार्टी ने अभी किसी भी दल को गठबंधन का प्रस्ताव नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि निर्णय लेने वाले नेताओं के फैसले के बाद ही राज ठाकरे निर्णय करेंगे। इन सब के बीच वर्षा गायकवाड़ के कड़े रुख के कारण आशंका है कि मुंबई चुनाव में कांग्रेस अकेली पड़ सकती है।

### राकांपा (एसपी) में मनसे-शिवसेना गठबंधन का प्रस्ताव पारित

मुंबई में हुई राकांपा (एसपी) की बैठक में पदाधिकारियों ने शिवसेना यूबीटी और मनसे के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव पारित किया। शरद पवार ने कहा कि वे महाविकास आघाड़ी को एकजुट रखने के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं से बातचीत करेंगे। वहीं, शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत ने दावा किया कि मनसे से समझौता हो चुका है और कांग्रेस भी अंततः तैयार हो जाएगी।

### भाजपा ने बताया 'राजनीतिक सुविधा' का बदलाव

भारतीय जनता पार्टी ने मनसे के साथ गठबंधन को लेकर कांग्रेस के रुख में आए बदलाव की आलोचना की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कांग्रेस के इस रुख को 'राजनीतिक रूप से सुविधाजनक' बदलाव बताया। बावनकुले ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पहले मनसे के साथ किसी भी गठबंधन का कड़ा विरोध किया था, क्योंकि मनसे हिंदी भाषी लोगों के खिलाफ आक्रामक आंदोलन चलाती रही है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी नेतृत्व ने हाल ही में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की नाराजगी के डर से यह रुख अपनाया था। बावनकुले के अनुसार, अब कांग्रेस महाराष्ट्र में निकाय चुनाव से पहले अपनी सुविधा के लिए अपने रुख में बदलाव कर रही है। इसी बीच, वडेट्टीवार ने भाजपा के उस आंतरिक सर्वेक्षण को भी 'मनगढ़ंत' बताया, जिसमें आगामी मुंबई नगर निगम चुनाव में उसे महत्वपूर्ण लाभ मिलने का अनुमान जताया गया था।

## ब्रीफ न्यूज़

### नवी मुंबई में लोगों को दिए जाएंगे 4,508 घर

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई में अपना सपना साकार करने वालों के लिए सिडको (CIDCO) ने बड़ा अवसर दिया है। संस्थान ने कुल 4,508 घरों की घोषणा की है, जिन्हें लॉटरी के बजाय पहले आओ, पहले पाओ प्रणाली के तहत सीधे खरीदा जा सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत योग्य आवेदकों को 2.15 लाख रूपए की सब्सिडी भी दी जाएगी। ये घर तलोजा, द्रोणागिरी, घणसोली, खारघर और कलंबोली में स्थित है। इन इलाकों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न आय वर्ग के लिए किफायती आवास उपलब्ध होंगे। बढ़ती प्रॉपर्टी कीमतों के बीच सिडको ( CIDCO) की यह योजना आम लोगों को राहत देने वाली है।

### भारत, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने प्रौद्योगिकी नवाचार साझेदारी की

जोहानिसबर्ग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के साथ बैठक की। इसके बाद एक नई त्रिपक्षीय प्रौद्योगिकी और नवाचार साझेदारी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि तीनों देश भविष्य की पीढ़ियों के बेहतर कल के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हमें आज ऑस्ट्रेलिया-कनाडा-भारत प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसीआईटीआई) साझेदारी की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है।'

# संसद के शीतकालीन सत्र में पेश होंगे 10 बिल

*कॉरपोरेट कानून से लेकर डिपॉजिटरी अधिनियम तक...*

### सरकार ने की विधेयकों की समीक्षा, विपक्ष से सुझाव मांगे

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में एटॉमिक एनर्जी बिल समेत 10 नए बिल पेश हो सकते हैं। लोकसभा बुलेटिन में शनिवार को यह जानकारी दी गई। एटॉमिक एनर्जी बिल में प्राइवेट कंपनियों को भी न्यूक्लियर पॉवर प्लांट लगाने की अनुमति मिल सकेगी। अभी देश में सारे न्यूक्लियर पावर प्लांट्स सरकार के कंट्रोल वाली कंपनियों (जैसे NPCIL) के जरिए ही बनाए जाते हैं। नए बिल में संशोधन के बाद निजी कंपनियां (भारतीय और विदेशी दोनों) न्यूक्लियर पावर प्रोडक्शन में आ सकेंगी। सत्र के दौरान जो दूसरा बड़ा बिल पेश होगा वो हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल है। इसके तहत अलग-अलग संस्थाओं (UGC, AICTE, NCTE) को खत्म कर उन्हें एक ही कमीशन में जोड़ दिया जाएगा। संसद का शीतकालीन सत्र (विंटर सेशन) 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी।



### अहम बिल जो पेश होंगे, उनसे क्या बदलाव

- न्यूक्लियर सेक्टर के लिए बड़ा बदलाव: लोकसभा बुलेटिन के अनुसार एटॉमिक एनर्जी बिल भारत में परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल, कंट्रोल एंड रेगुलेशन से जुड़े प्रावधानों को नया फ्रेमवर्क देगा। यह पहली बार होगा जब प्राइवेट कंपनियों को न्यूक्लियर क्षेत्र में एंट्री मिल सकेगी। अब प्राइवेट कंपनियां भी न्यूक्लियर पॉवर प्लांट लगा सकेंगी।
- हॉयर एजुकेशन कमीशन बनाने वाला बिल भी तैयार: सरकार हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल भी पेश करेगी। इसका उद्देश्य कॉलेज और यूनिवर्सिटी को अधिक फ्रीडम देना और सिस्टम को पारदर्शी बनाना है। (UGC, AICTE, NCTE) को खत्म कर उन्हें एक ही कमीशन में जोड़ दिया जाएगा।
- हाईवे भूमि अधिग्रहण तेज होगा: नेशनल हाईवे (संशोधन) बिल भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज और अधिक पारदर्शी बनाएगा, ताकि नेशनल हाईवे प्रोजक्ट्स में देरी कम हो सके।
- कंपनी कानून और LLP कानून में बदलाव: सरकार कॉरपोरेट लॉ (संशोधन) बिल, 2025 लाने की तैयारी कर रही है। जो कंपनी अधिनियम 2013 और LLP अधिनियम 2008 में बदलाव कर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और सरल करेगा।
- सभी बाजार कानून एक बिल में: सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड बिल, 2025 का उद्देश्य सेबी एक्ट, डिपॉजिटरीज एक्ट और सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स एक्ट को मिलाकर एक सरल कानून तैयार करना है।
- संविधान में संसोधन से जुड़ा बिल: संविधान में 131वां संशोधन करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इस बिल के तहत खासकर चंडीगढ़ यूनियन टेरेटरी को संविधान के आर्टिकल 240 के दायरे में लाया जाएगा। आर्टिकल 240 के तहत केंद्र सरकार केंद्रशासित प्रदेशों के लिए रेगुलेशन बना सकती है, जिन्हें कानून का दर्जा प्राप्त होता है।

### 19 दिन के शीतकालीन सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी

इस बार संसद का शीतकालीन सत्र (विंटर सेशन) 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी। इससे पहले 21 जुलाई से 21 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र चला था। सत्र के पहले दिन राज्यसभा के तत्कालीन उपसभापति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया। फिर पूरा सत्र बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया था। मानसून सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था, लेकिन सिर्फ 37 घंटे कार्यवाही चली। राज्यसभा में सिर्फ 41 घंटे चर्चा हुई। लोकसभा-राज्यसभा में कुल 27 बिल पास हुए। गिरफ्तार PM-CM को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। इसे जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ।

# मुंबई महानगरपालिका का होगा चुनाव!


- आरक्षण की सीमा 34 प्रतिशत, केवल 85 आपत्तियां दर्ज

धीरज सिंह | मुंबई

राज्य में कई स्थानीय निकायों में आरक्षण 50 प्रतिशत सीमा पार करने से मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुँच गया है, लेकिन मुंबई महानगरपालिका इससे प्रभावित नहीं है। राजधानी की बीएमसी में आरक्षण सीमा केवल 34 प्रतिशत है, जिससे यहाँ चुनाव होने की संभावना मजबूत हो गई है। इस बीच, बीएमसी को आरक्षण पर आपत्तियाँ और सुझाव दर्ज कराने की निर्धारित अवधि में कुल 85 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

### पुराने नगरसेवकों के वार्ड आरक्षित

आरक्षण ड्रा में भाजपा, कांग्रेस, शिवसेना (ठाकरे), शिवसेना (शिंदे) के कई अनुभवी पूर्व नगरसेवकों के वार्ड आरक्षित हो गए हैं। दहिसर, बोरीवली, वर्ली जैसे इलाकों के लगभग सभी वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं, जबकि मानखुर्द और शिवाजी नगर में सभी वार्ड आरक्षित हैं। इससे स्थानीय नेताओं और संभावित उम्मीदवारों में नाराजगी देखने को मिल रही है।



### राज्य में 159 स्थानों पर सीमा से अधिक आरक्षण, लेकिन मुंबई सुरक्षित

राज्य सरकार द्वारा आरक्षण निर्धारण के दौरान 159 स्थानों पर 50 प्रतिशत सीमा पार हो गई, जिससे विवाद गहराया और मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँचा। लेकिन मुंबई महानगरपालिका की 227 सीटों में केवल 34.36 प्रतिशत सीटें ही आरक्षित हैं। इससे चुनाव प्रक्रिया पर कोई खतरा नहीं है और बीएमसी चुनाव होने की स्थिति में है।

### बीएमसी में ओबीसी को 27%, कुल 78 सीटें आरक्षित

मुंबई के 227 वार्डों में से 61 सीटें ओबीसी को, 15 अनुसूचित जाति (एससी) को और दो अनुसूचित जनजाति (एसटी) को आरक्षित हैं। कुल मिलाकर 78 सीटें आरक्षित होती हैं, जो 34.36 प्रतिशत है। अधिकारियों का कहना है कि यह आरक्षण सीमा सुप्रीम कोर्ट के मानकों के अनुसार है। साथ ही, आरक्षित और सामान्य श्रेणी—दोनों में आधी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं।

### कई वार्डों में आरक्षण को लेकर असंतोष

11 नवंबर को आरक्षण ड्रा निकाला गया, जिसका प्रारूप 14 नवंबर को प्रकाशित किया गया। 14 से 20 नवंबर तक आपत्तियाँ दर्ज कराने के लिए समय दिया गया और इस दौरान 85 शिकायतें सामने आईं। अधिकतर आपत्तियाँ वार्ड में पुनः आरक्षण लागू किए जाने को लेकर थीं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह चक्र का पहला चुनाव है और नियमों के अनुसार ही आरक्षण तय किया गया है।

# निकाय चुनाव में मतदान से पहले ही पार्टी के 100 पार्षद निर्विरोध जीते

### महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने किया का दावा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने दावा किया है कि निकाय चुनाव से पहले ही राज्य भर में म्युनिसिपल काउंसिल और नगर पंचायतों में सत्ताधारी पार्टी भाजपा के 100 पार्षद निर्विरोध चुन लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तीन नगर पालिका के अध्यक्ष भी निर्विरोध चुन लिए गए हैं। शुक्रवार को निकाय चुनाव में नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन था।



### भाजपा का इन क्षेत्रों में जीत का दावा

चव्हाण ने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व की वजह से, मतदान से पहले ही 100 भाजपा पार्षद बिना किसी विरोध के चुने गए हैं।' उन्होंने कहा कि 100 पार्षदों में से चार तटीय कोंकण क्षेत्र से, 49 उत्तरी महाराष्ट्र से, 41 पश्चिमी महाराष्ट्र से, और तीन-तीन मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र से हैं।

### कई मंत्रियों के रिश्तेदार शामिल

महाराष्ट्र की 246 नगर परिषद और 42 नगर पंचायतों के चुनाव 2 दिसंबर को होने हैं, और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। मंत्री गिरीश महाजन और जयकुमार रावल समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के रिश्तेदार निकाय चुनाव में बिना किसी विरोध के चुने गए हैं। इसे लेकर विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया है कि भाजपा की खानदानी राजनीति की परंपरा अब जमीनी स्तर के चुनावों तक पहुंच गई है और नेताओं के रिश्तेदारों की बिना किसी विरोध के जीत पक्की करने के लिए पुलिस मशीनरी पर दबाव डाला जा रहा है। जामनेर में, जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन की पत्नी साधना महाजन, कांग्रेस उम्मीदवार रूपाली लालवानी और एनसीपी के दो उम्मीदवारों के मैदान से हटने के बाद नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुनी गईं।

# रसायन रिसाव से एक युवक की मौत

### दो लोग अस्पताल में भर्ती

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के अंधेरी इलाके में शनिवार शाम एक औद्योगिक इमारत में रसायन के रिसाव से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र के भंगारवाड़ी स्थित दो मंजिला इमारत में करीब 4:55 बजे हुई। दमकल विभाग को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची, लेकिन रसायन की चपेट में आए तीनों की हालत गंभीर थी। अस्पताल ले जाते समय अहमद हुसैन को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि नौशाद अंसारी (28) और सबा शेख (17) को होली स्पिरिट अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है।



### एनडीआरएफ अलर्ट पर

अधिकारियों ने बताया कि इमारत के अंदर तलाशी अभियान जारी है ताकि किसी और व्यक्ति के फंसे होने की संभावना को खंगाला जा सके। ऐहतियात के तौर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को भी सतर्क कर दिया गया है और क्षेत्र को सुरक्षा घेरा देकर जांच जारी है।

# आपके पास वोट है, मेरे पास फंड है : अजित पवार

- शिवसेना यूबीटी ने वोटर्स को धमकाने का लगाया आरोप, चुनाव आयोग से पूछा सवाल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/बारामती

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और राज्य के वित्त मंत्री अजित पवार ने पुणे जिले के बारामती तहसील के मालेगांव में चुनाव प्रचार के दौरान ऐसा बयान दिया, जिस पर तुरंत राजनीति गरमा गई। अजित पवार ने नागरिकों से कहा कि अगर वे उनके दल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), के सभी 18 उम्मीदवारों को चुनते हैं, तो वे मालेगांव में फंड की कोई कमी नहीं होने देंगे। लेकिन अगर मतदाता उनके उम्मीदवारों को नकारते हैं, तो वे भी नकार देंगे।



अजित पवार का तर्क साफ था, 'आपके पास वोट हैं, मेरे पास फंड। अगर आप सब 18 उम्मीदवारों को जिताते हैं, तो मैं अपने हर वादे पर पूरा उतरूंगा। लेकिन अगर आप इनकार करेंगे, तो मैं भी इनकार करूंगा।' उनके इस बयान पर विपक्ष ने तीखा पलटवार किया है।

### विपक्ष का करारा पलटवार

वहीं उनके इस बयान पर शिवसेना (यूबीटी) के नेता अंबादास दानवे ने अजित पवार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'सरकारी फंड अजित पवार के घर से नहीं आते। ये आम लोगों के टैक्स से बनता है। अगर कोई नेता मतदाताओं को धमका रहा है, तो चुनाव आयोग क्या कर रहा है?' विपक्ष के इस सवाल ने पूरे मुद्दे को चुनावी माहौल में और तेजी से सामने ला दिया है।

**लिवर ट्रांसप्लांटेशन** | भारत ने साल 2024 में पांच हजार लिवर प्रत्यारोपण किए

# सबसे ज्यादा लिवर प्रत्यारोपण करने वालों में भारत शीर्ष पर

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत ने लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट (एलडीएलटी) के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए दुनिया में पहला स्थान हासिल कर लिया है। एयरोसिटी में आयोजित लिवर ट्रांसप्लांटेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के वार्षिक सम्मेलन में बताया गया कि वर्ष 2024 में देश में 5,000 से अधिक लिवर प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किए गए। 20 से 23 नवंबर तक चल रहे इस सम्मेलन में भारत और दुनिया के प्रमुख विशेषज्ञ शामिल हुए। सम्मेलन में साझा किए गए ग्लोबल ऑब्जर्वेटरी ऑन ऑर्गन डोनेशन एंड ट्रांसप्लांटेशन (जीओटीडी) और



नेशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइज़ेशन (एनओटीटीओ) के आंकड़ों के अनुसार, देश में 200 से अधिक सक्रिय लिवर ट्रांसप्लांट केंद्र काम कर रहे हैं।

### अन्य देशों के लिए मॉडल बन रहा भारत

विशेषज्ञों ने बताया कि एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका के कई देशों में अभी तक लिवर प्रत्यारोपण कार्यक्रम मजबूत नहीं हैं। पहले केवल संपन्न मरीज ही पश्चिमी देशों में जाकर प्रत्यारोपण करवा पाते थे, लेकिन भारत ने किफायती उपचार और उच्च सफलता दर के कारण अंतरराष्ट्रीय मरीजों के लिए भी एक विश्वसनीय केंद्र के रूप में पहचान बनाई है।

### कम लागत, अधिक दक्षता

पश्चिमी देशों के मुकाबले भारत में लिवर ट्रांसप्लांट की लागत काफी कम है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर अत्यंत प्रतिस्पर्धी बनाती है। नेशनल मेडिकल जर्नल ऑफ इंडिया (एनएमजेआई) में प्रकाशित शोध में बताया गया है कि लिवर प्रत्यारोपण पर भारत से 2,500 से अधिक पबमेड-इंडेक्स शोधपत्र प्रकाशित हुए हैं और 52 देशों के 500 से अधिक चिकित्सकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

न्यूज़ ब्रीफ

## राज्य स्तरीय कोंकण कप वन-एक्ट प्ले प्रतियोगिता का शुभारंभ



**ठाणे।** ठाणे में कोंकण कला अकादमी, कोंकण मराठी साहित्य परिषद और विधायक संजय केलकर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कोंकण कप वन-एक्ट प्ले प्रतियोगिता का उद्घाटन आज आनंद विश्व गुरुकुल लॉ कॉलेज में विधायक संजय केलकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के 19वें वर्ष में मुंबई और कोंकण क्षेत्र से कुल 17 वन-एक्ट प्ले प्रस्तुत किए जाएंगे।

प्रतियोगिता का शुरुआती राउंड आज से शुरू हो गया है, जो 23 नवंबर तक दो दिनों तक चलेगा। यह कार्यक्रम आनंद विश्व गुरुकुल में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। मुंबई, नवी मुंबई, पालघर, सिंधुदुर्ग और कोंकण के अन्य हिस्सों से आई 17 टीमें—जिनमें कई कॉलेज और संस्थान शामिल हैं—इस स्पर्धा में भाग ले रही हैं। शुरुआती राउंड के बाद 6 से 7 श्रेष्ठ वन-एक्ट प्ले फाइनल के लिए चुने जाएंगे। फाइनल राउंड 5 दिसंबर को काशीनाथ घनेकर थिएटर में होगा। बेस्ट वन-एक्ट प्ले को 35 हजार रुपये और ट्रॉफी, दूसरे स्थान को 25 हजार रुपये, जबकि तीसरे स्थान को 15 हजार रुपये और ट्रॉफी मिलेगी। इसके अलावा बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस, डायरेक्शन, राइटर, बैकड्रॉप, लाइटिंग डिज़ाइन और बैकग्राउंड म्यूज़िक जैसी श्रेणियों में भी नकद पुरस्कार और ट्रॉफियाँ प्रदान की जाएंगी।

# विकास और विचारधारा ही शिवसेना का एजेंडा: डीसीएम शिंदे

- शिवसेना के मुख्य नेता और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की चुनाव प्रचार की शुरुआत
- डहाणू, जव्हार, पालघर और वाडा में जनसभाएं आयोजित

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**

शिवसेना ने आगामी नगर पंचायत और नगर परिषद चुनावों के प्रचार की शुरुआत पालघर जिले से करते हुए स्पष्ट किया कि पार्टी विकास और विचारधारा—इन दो प्रमुख एजेंडों पर ही आगे बढ़ रही है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पालघर भले ही पिछड़ा जिला हो, मगर सरकार ने यहाँ ऐसे बड़े प्रोजेक्ट दिए हैं जो जिले का स्वरूप बदल देंगे। उन्होंने किसानों, मछुआरों और आदिवासी समुदाय की समस्याएँ दूर कर जिले का समग्र विकास करने का भरोसा दिलाया। पालघर, डहाणू, जव्हार और वाडा में आयोजित बड़ी जनसभाओं में भारी उत्साह देखने को मिला।



### स्थानीय लोगों पर अन्याय नहीं होने देंगे: शिंदे

पालघर नगर परिषद के लिए शिवसेना उम्मीदवार उत्तम घरत की घोषणा करते हुए उपमुख्यमंत्री शिंदे ने जिंदाल जेट्टी प्रोजेक्ट पर कहा कि किसी भी विकास कार्य में स्थानीय लोगों पर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता पर दबाव डालकर विकास नहीं किया जाएगा। शिंदे ने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में राज्य में अनेक कल्याणकारी योजनाएँ लागू की गईं, जिनमें 'माझी लाडकी बहिण' योजना भी शामिल है, जिसे आगे भी जारी रखा जाएगा।

### वाडा में फिर लहराएगा भगवा झंडा

वाडा की सभा में उपमुख्यमंत्री शिंदे ने विश्वास व्यक्त किया कि वाडा शिवसेना का मजबूत गढ़ है और यहाँ एक बार फिर भगवा झंडा बुलंद होगा। नगराध्यक्ष पद के लिए शिवसेना की उम्मीदवार हेमांगी पाटील को आगे करते हुए उन्होंने बताया कि पार्टी ने नगरसेवक पदों पर दो मुस्लिम महिला उम्मीदवारों को भी मौका दिया है, जो समावेशी राजनीति का उदाहरण है।

### डहाणू की पहचान बदलेगी, मछुआरों की समस्याएँ होंगी दूर

डहाणू में शिवसेना के नगराध्यक्ष पद के उम्मीदवार राजेंद्र माच्छी के समर्थन में शिंदे ने कहा कि डहाणू की 'पिछड़ा तहसील' वाली पहचान अब जल्द ही बदल जाएगी और यहाँ विकास का भगवा झंडा लहराएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि समुद्र तटीय मछुआरों के घरों से जुड़े मुद्दे, युडीसीपीआर और वन पट्टे से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। शिंदे ने भरोसा जताया कि डहाणू को राज्य का सर्वश्रेष्ठ तालुका बनाया जाएगा। जव्हार में शिवसेना की नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार पद्मा राजपूत के समर्थन में शिंदे ने कहा कि शिवाजी महाराज ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर आदर्श राज्य की स्थापना की थी और शिवसेना उसी आदर्श पर चल रही है।

## आपला दवाखाना कर्मचारियों की शेष सेलरी मिली

**ठाणे।** ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा शहर में 40 स्थानों पर शुरू की गई आपला दवाखाना पहल बंद किए जाने के बाद क्लिनिक में कार्यरत डॉक्टर, नर्स और अन्य कर्मचारी अचानक बेरोज़गार हो गए थे। इतना ही नहीं, उनकी पिछले तीन महीनों की सैलरी भी बकाया थी। इस गंभीर मुद्दे को लेकर कर्मचारियों ने जनसेवाकच जनसंवाद कार्यक्रम में ठाणे के भाजपा विधायक संजय केलकर से मुलाकात की और अपनी समस्याएं विस्तार से बताईं।

नगर निगम ने इन क्लिनिकों के संचालन का कॉन्ट्रैक्ट बैंगलोर की एक कंपनी को दिया था, जिसका अनुबंध अक्टूबर तक था। लेकिन कंपनी ने अगस्त में ही क्लिनिक बंद कर दिए और कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन भी नहीं दिया। कर्मचारियों के अनुसार, इससे उनकी दिवाली भी मुश्किलों में बीती। प्रशासन ने भले ही कंपनी पर 56 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था, लेकिन कंपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थी। इस पर विधायक केलकर ने निगम से सख्त कार्रवाई की मांग की—कंपनी से जुर्माना वसूलने, कर्मचारियों का बकाया वेतन जारी करने और कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की बात कही। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो कर्मचारी नगर निगम मुख्यालय पर विरोध मार्च निकालेंगे। विधायक केलकर के लगातार फॉलोअप और दबाव के बाद प्रशासन हरकत में आया और डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों की तीन महीने की बकाया सैलरी उनके खातों में जमा कर दी गई।

अंबरनाथ फ्लाईओवर दुर्घटना मामला

# मृतक कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज

- जख्मी के परिवार ने की कार मालक पर भी मामला दर्ज करने की मांग

**अंबरनाथ।** शुक्रवार की शाम 6:45 बजे अंबरनाथ फ्लाईओवर पर हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत और चार घायल हुए। अंबरनाथ पुलिस ने इस मामले में टाटा नेक्सन कार के मृत चालक लक्ष्मण शिंदे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घायलों में एक की हालत गंभीर है। घायल पीड़ित परिवारों ने कार मालिक पर भी कार्रवाई की मांग की है।



लक्ष्मण शिंदे (वाहनचालक)



किरण चौबे, (शिवसेना शिंदे गट) उमेदवार, जखमी

### तेज़ रफ़्तार और लापरवाही बनी दुर्घटना का कारण

पुलिस के अनुसार, टाटा नेक्सन (MH 05 EQ 3655) कार मटका चौक से अंबरनाथ पूर्व की ओर जा रही थी, जिसमें शिंदे गट की उम्मीदवार किरण चौबे सवार थीं। चालक ने तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाई, जिससे ब्रिज पर आगे जा रहे तीन मोटरसाइकिल सवार उसकी चपेट में आ गए। हादसे में चार लोग मौत के शिकार बने और कई घायल हुए।

मृतकों में अंबरनाथ नगर परिषद के नगर नियोजन विभाग के कर्मचारी शैलेश जाधव और चंद्रकांत अनर्थे शामिल थे, जो काम से लौट रहे थे। इसके अलावा, उल्हासनगर निवासी और सीएचएम कॉलेज के छात्र सुमित चेलानी की भी घर लौटते समय दोपहिया वाहन पर मौत हो गई।

### ड्राइवर को दिल का दौरा पड़ने का दावा

हादसा उस समय हुआ जब उम्मीदवार किरण चौबे एक चुनावी सभा के लिए रवाना थीं। चालक लक्ष्मण शिंदे पर गाड़ी से नियंत्रण खोने का आरोप है, वहीं चौबे परिवार का दावा है कि उन्हें ड्राइविंग के दौरान दिल का दौरा पड़ा। उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। किरण चौबे को मामूली चोटें आई हैं और उनका इलाज कल्याण के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

शिकायतकर्ता अमित धुवराज चव्हाण (22) की शिकायत पर अंबरनाथ पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ IPC की धारा 184, 105, 281, 125(ए) और 125(बी) के तहत मामला दर्ज किया है। सहायक पुलिस निरीक्षक दत्तात्रेय जाधव आगे की जांच कर रहे हैं।

### घायल को उपचार न मिलने पर परिजनों का आक्रोश

घायलों में अमित चौहान और अभिषेक चौहान को अस्पतालों में भर्ती कराया गया, लेकिन अभिषेक को कलवा व सायन अस्पताल में बेड न मिलने से कई अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़े, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। बाद में उन्हें ठाणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उनका ऑपरेशन हुआ। परिजनों ने उपचार न मिलने पर नाराज़गी जताते हुए कार मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अन्य घायलों की जानकारी का इंतजार है।

# ग्रुप ग्राम पंचायत कुकसे में विकास निधि के दुरुपयोग का आरोप

- सरपंच तुकाराम फिरंगाणे के खिलाफ मंत्रालय में शिकायत



**भिवंडी।** भिवंडी तालुका की ग्रुप ग्राम पंचायत कुकसे में विकास कार्यों के लिए मिली सरकारी निधि के दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। उपसरपंच संगीता राजू माने ने सरपंच तुकाराम रामचंद्र फिरंगाणे के खिलाफ ग्रामविकास मंत्रालय, मुंबई सहित वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत उनके कार्यकाल 27 सितंबर 2024 से 7 अगस्त 2025 के बीच हुई कथित अनियमितताओं पर आधारित है। शिकायत में आरोप है कि सरपंच ने विकास कार्यों के लिए मंजूर सरकारी निधि का गलत उपयोग किया और आर्थिक रिकॉर्ड में गंभीर फेरबदल किए। ठराव के बाहर अनधिकृत खर्च, मंजूर ठराव और बिलों में विसंगतियाँ, शासन नियमों की अनदेखी, ई-हिसाब प्रणाली का उपयोग न करना और विभिन्न परियोजनाओं में निधि का अपव्यय जैसे कई आरोप लगाए गए हैं।

### कठोर कार्रवाई की मांग

उपसरपंच संगीता माने का कहना है कि सरपंच, जो ग्राम पंचायत के आर्थिक मामलों के प्रमुख होते हैं, उनसे पारदर्शी और जिम्मेदार व्यवस्थापन की अपेक्षा रहती है, लेकिन उन्होंने निधि का दुरुपयोग किया। शिकायत में उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। मामला मंत्रालय स्तर तक पहुँचने के बाद कुकसे ग्राम पंचायत और आसपास के पंचक्रोशी क्षेत्रों में भारी चर्चा और हलचल मची हुई है। ग्रामीणों में रोष है और सभी की निगाहें अब जांच की दिशा और संभावित कार्रवाई पर टिकी हैं।

## इस शताब्दी के शेर हैं बालासाहेब ठाकरे: मुज्जफर हुसैन



**भाईंदर।** महाराष्ट्र कांग्रेस उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक मुज्जफर हुसैन ने मीरा-भाईंदर में नव निर्मित हिन्दूहृदय सम्राट स्व. बाला साहेब ठाकरे सभागार का दौरा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सभागार के निर्माण के लिए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के प्रयासों की सराहना की और कहा कि भाजपा के विरोध के बावजूद यह प्रेरणास्थल आज शहर की नई पहचान बनकर उभरा है। सभागार में लगी ऐतिहासिक तस्वीरों को देखते हुए उन्होंने बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा को देश, समाज और विकास के प्रति समर्पित बताया। विशेष रूप से 1979 में बालासाहेब ठाकरे, स्वर्गीय नजर हुसैन और मुस्लिम लीग नेता गुलाम मोहम्मद बनातवाला की संयुक्त तस्वीर को उन्होंने देश की अखंडता और सौहार्द का प्रतीक कहा। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज सभी के लिए वंदनीय हैं, उसी तरह हिन्दू हृदय सम्राट स्व. बालासाहेब ठाकरे इस सदी के शेर हैं।

## ताडोबा में 800 एकड़ का रिवाइल्डिंग प्रोजेक्ट शुरू

**मुंबई।** विदर्भ में विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पहल पर ताडोबा-अंधारी टाइगर रिज़र्व के आसपास के 800 एकड़ क्षेत्र में बड़ा इकोलॉजिकल रिवाइटलाइज़ेशन प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इस परियोजना का लक्ष्य न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ प्राकृतिक जंगल, घास के मैदान, जलस्रोत और जैवविविधता को पुनर्जीवित करना है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना को ज़ेरोधा और रेन मैटर फाउंडेशन अपने सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कार्यक्रमों के तहत सहयोग प्रदान करेंगे। इसके लिए लगभग 100 करोड़ रुपये का "ज़ेरोधा रिवाइल्डिंग फंड" बनाया गया है। यह महाराष्ट्र का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसे सरकार के वन विभाग, फार्मर्स फॉर फॉरेस्ट और कॉर्पोरेट संस्थाओं के संयुक्त सहयोग से लागू किया जा रहा है। ज़ेरोधा अपने मुनाफे का 10% पर्यावरणीय और सामाजिक कार्यों पर खर्च करता है, और अपनी 15वीं वर्षगांठ पर उसने इस निवेश की घोषणा की है।

### जैवविविधता संरक्षण का लक्ष्य, विदर्भ के लिए मिसाल

इस परियोजना का उद्देश्य मोनोकल्चर पेड़ लगाने के बजाय प्राकृतिक जैवविविधता को बनाए रखना और पर्यावरणीय संतुलन को बेहतर बनाना है। ताडोबा के 800 एकड़ क्षेत्र में यह रिवाइल्डिंग प्रयास विदर्भ में पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देगा और कॉर्पोरेट क्षेत्र के लिए भी एक मॉडल साबित होगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने विश्वास व्यक्त किया है कि महाराष्ट्र सरकार, वन विभाग और कॉर्पोरेट साझेदारों के बीच यह सहयोग पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण परिणाम देगा।

## वंदे भारत ट्रेन को अब दौंड और किर्लोस्करवाड़ी स्टेशनों पर ठहराव



मुंबई। वंदे भारत ट्रेन सेवा की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे ने प्रायोगिक आधार पर दो प्रमुख वंदे भारत ट्रेनों—सीएसएमटी-सोलापुर-सीएसएमटी और पुणे-हुब्बल्ली-पुणे—को क्रमशः दौंड और किर्लोस्करवाड़ी स्टेशनों पर ठहराव देने का निर्णय लिया है।

**सीएसएमटी–सोलापुर वंदे भारत का दौंड ठहराव**

ट्रेन संख्या 22225 सीएसएमटी–सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस 24 नवंबर 2025 से दौंड स्टेशन पर 20:13 बजे पहुंचेगी। वहीं, वापसी में ट्रेन संख्या 22226 सोलापुर–सीएसएमटी वंदे भारत एक्सप्रेस उसी दिन से 08:08 बजे दौंड स्टेशन पर ठहरेगी।

**पुणे–हुब्बल्ली वंदे भारत का किर्लोस्करवाड़ी ठहराव**

ट्रेन संख्या 20670 पुणे–हुब्बल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस 24 नवंबर 2025 से किर्लोस्करवाड़ी में 17:43 बजे रुकेगी। जबकि ट्रेन संख्या 20669 हुब्बल्ली–पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस 26 नवंबर 2025 से यहां 09:38 बजे पहुंचकर ठहराव देगी।

# सड़क के गड्ढों को लेकर एमबीएमसी आयुक्त हुए सख्त

**विनय दूबे | भाईंदर**

एमबीएमसी आयुक्त ने भाईंदर में एमबीएमसी आयुक्त/प्रशासक राधाबिनोद शर्मा ने शहर में जारी सड़क दुरुस्तीकरण और निर्माण कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नागरिकों की सुविधा के लिए सड़कों के गड्ढों को तुरंत भरा जाए और आवश्यक सुधारात्मक उपाय तुरंत लागू किए जाएँ। साथ ही सभी चल रहे निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का आदेश दिया।

शहर में अधूरी और गड्ढों से भरी सड़कों को लेकर एमबीएमसी की लगातार आलोचना हो रही है। कई स्थानीय जनप्रतिनिधि मनपा के खिलाफ आंदोलन कर चुके हैं और सड़कों की बदहाली की वजह से हादसे भी सामने आए हैं। इन परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए



आयुक्त शर्मा ने 22 नवंबर को शहर का विस्तृत दौरा किया और विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त ने शहर की अंदरूनी सीमेंट कंक्रीट सड़कों, जलापूर्ति योजना के तहत हुई खुदाई, तथा विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा की। एसके स्टोन, शीतल नगर रोड, होटल सम्राट के पास सर्विस रोड, डेल्टा गार्डन, काशीमीरा, फाटक रोड और प्लीजेंट पार्क एमआईडीसी रोड के पास चल रहे 30 मीटर सड़क चौड़ीकरण कार्य सहित कई प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी तरह की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान शहर अभियंता दीपक खाम्बित, कार्यकारी अभियंता शरद नानेगांवकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## देरी या रद्द बसों के लिए एमएसआरटीसी शुरू करेगी छात्र हेल्पलाइन

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) जल्द ही स्कूल और कॉलेज छात्रों के लिए एक विशेष हेल्पलाइन शुरू करने जा रहा है, ताकि बसों के विलंब, रद्द होने, अचानक रूट बदलने या तकनीकी खराबी जैसी समस्याओं का तुरंत समाधान हो सके। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बताया कि सभी 31 संभागीय नियंत्रकों के संपर्क नंबर शैक्षणिक संस्थानों को दिए जाएंगे, जिससे छात्र, प्रधानाचार्य और शिक्षक अपनी शिकायतें सीधे दर्ज करा सकेंगे। यह कदम धाराशिव सहित कई क्षेत्रों से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उठाया गया है।

सरनाईक ने स्पष्ट चेतावनी दी कि परिवहन कुप्रबंधन के कारण छात्रों के पढ़ाई में होने वाले नुकसान के लिए बस डिपो व्यवस्थापक और पर्यवेक्षक जिम्मेदार माने जाएंगे। अगर बसों की देरी से छात्र कक्षाओं या परीक्षाओं में अनुपस्थित रहते हैं, तो संबंधित अधिकारियों को निलंबन या अनिवार्य अवकाश का सामना करना पड़ सकता है। हेल्पलाइन का मुख्य उद्देश्य छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और शैक्षणिक व्यवधान को रोकना है।

# महारेरा ने मुआवज़ा वसूली मजबूत करने के लिए नई एसओपी लागू की

## समय पर मुआवज़ा न देने पर डेवलपर्स पर कड़ी कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुसार महारेरा ने एक नया सर्कुलर जारी कर सिस्टम को सरल बनाने और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) लागू करने की घोषणा की है। अब पहली बार, जिन्हें पूरा मौका देने के बावजूद मुआवज़ा समय पर नहीं देने वाले डेवलपर्स के मामलों को उनके क्षेत्र के प्रिंसिपल सिविल मजिस्ट्रेट के पास भेजा जाएगा, जिससे उन्हें तीन साल तक की जेल हो सकती है। इस कदम से घर खरीदारों को समय पर राहत मिलना आसान होगा।




### महारेरा द्वारा तय मुआवज़े के आदेश 60 दिनों में

घर का पज़ेशन देर से मिलना, निर्माण गुणवत्ता खराब होना या पार्किंग न मिलना जैसी शिकायतों पर महारेरा सुनवाई के बाद मुआवज़े के आदेश देता है। नई SOP के तहत उम्मीद है कि महारेरा आदेश की तारीख से 60 दिनों के भीतर मुआवज़े संबंधी निर्णय जारी करेगा। इससे शिकायतों के निपटारे में पारदर्शिता और गति आएगी।

### डेवलपर द्वारा आदेश न मानने पर नई प्रक्रिया

अगर डेवलपर महारेरा का आदेश लागू नहीं करता है, तो घर खरीदार को महारेरा में शिकायत दर्ज करनी होगी। 4 हफ्तों में सुनवाई कर, यदि डेवलपर को दोषी पाया जाता है, तो उसे आदेश पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इसके बाद भी पालन न करने पर, डेवलपर को अपनी चल-अचल संपत्ति और बैंक खातों की विस्तृत जानकारी एफिडेविट के रूप में जमा करनी होगी।

### कलेक्टर की कार्रवाई और संभावित जेल की सजा

महारेरा इन विवरणों के आधार पर वारंट जारी कर संबंधित जिले के कलेक्टर को भेजेगा, जो बैंक खातों और संपत्तियों पर सीज़ करने जैसी कार्रवाई करेंगे ताकि मुआवज़ा वसूला जा सके। अगर डेवलपर फिर भी भुगतान नहीं कर पाता, तो मामला फर्स्ट क्लास सिविल मजिस्ट्रेट के पास भेजा जाएगा और इंडियन ज्यूडिशियल कोड के तहत डेवलपर को तीन साल तक की जेल भी हो सकती है।

# भाषा के नाम पर समाज को बांट रही भाजपा: उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को भाजपा पर तीखा प्रहार किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा भाषा के मुद्दे को हथियार बनाकर समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने भाजपा और आरएसएस दोनों को निशाने पर लेते हुए कहा कि उनका असली चेहरा सामने आ चुका है।



उद्धव ठाकरे ने भाजपा को 'षड्यंत्रकारी पार्टी' करार देते हुए कहा कि उनका हिंदुत्व अब सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा को दूसरी भाषा के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए, लेकिन भाजपा भाषाई विवाद भड़का कर समाज में खाई पैदा कर रही है। ठाकरे ने ठाणे जिले में 19 वर्षीय छात्र अर्नव खैरे की आत्महत्या का मुद्दा उठाते हुए भाजपा पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि भाषा के नाम पर नफरत फैलाने की राजनीति का असर युवाओं की मानसिक स्थिति पर पड़ रहा है, जिससे वे चरम कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। अर्नव खैरे पर कुछ लोगों ने कथित तौर पर मराठी न बोलने को लेकर लोकल ट्रेन में हमला किया था। घटना के कुछ ही घंटों बाद उसने कल्याण स्थित अपने अपार्टमेंट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले ने राज्य में भाषा राजनीति को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

# वोटर लिस्ट की शिकायतें को लेकर आयुक्त से करें संपर्क: निर्वाचन आयोग

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मनपा चुनावों में वोटर लिस्ट को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे गड़बड़ी के आरोपों के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी भी तरह की त्रुटि नजर आए तो संबंधित मनपा आयुक्त से संपर्क करें। आयोग ने स्पष्ट किया है कि वोटर लिस्ट से जुड़ी कोई भी आपत्ति, सुझाव या शिकायत 27 नवंबर 2025 तक दर्ज कराई जा सकती है।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार मनपा चुनावों के लिए वोटर लिस्ट का बंटवारा संबंधित मनपा आयुक्तों के स्तर पर किया गया है। राज्य की 29 नगर निगमों के लिए विधानसभा की वोटर लिस्ट का वार्ड स्तर पर विभाजन 1 जुलाई 2025 की स्थिति के आधार पर किया गया है। यह मूल वोटर लिस्ट भारत निर्वाचन आयोग ने तैयार की है। 20 नवंबर को मनपा कार्यालयों में वार्ड के अनुसार ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित कर दी गई है। लोग अपना नाम वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं, जहां 27 नवंबर तक आपत्ति और सुझाव दर्ज किए जा सकते हैं।




### लिस्ट में नए नाम जोड़ने या हटाने का प्रावधान नहीं

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वार्डवार वोटर लिस्ट तैयार करते समय मतदाताओं के नाम और पते ठीक वैसे ही रखे गए हैं जैसे विधानसभा की सूची में थे। इस प्रक्रिया में नए नाम जोड़ने, पुराने नाम हटाने या नाम-पते में सुधार जैसी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। वार्डवार बंटवारे का उद्देश्य केवल विधानसभा सूची को मनपा चुनावों के लिए वार्ड स्तर के हिसाब से व्यवस्थित करना है।

### गलत वार्ड आवंटन पर दर्ज कराएं आपत्ति

निर्वाचन आयोग ने बताया कि यदि वार्ड के अनुसार लिस्ट तैयार करते समय किसी लेखाकार द्वारा त्रुटि हुई हो, किसी मतदाता का वार्ड गलत बदल दिया गया हो, या विधानसभा सूची में नाम होने के बावजूद वार्ड सूची में शामिल न किया गया हो, तो ऐसे ऑब्जेक्शन और सुझाव महानगर पुलिस आयुक्त के पास दर्ज कराए जा सकते हैं। आयोग ने नागरिकों से सही सूची सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की है।

# मतदाता सूची में वोटों की चोरी: आदित्य ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना (ठाकरे) नेता आदित्य ठाकरे ने मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए जारी मसौदा मतदाता सूची पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि सूची में बड़े पैमाने पर हेरफेर कर भाजपा को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई है। ठाकरे ने अपने कार्यकर्ताओं और नागरिकों से अपील की है कि वे सूची की बारीकी से जांच कर अनियमितताओं को सामने लाएं।



मुंबई महानगरपालिका चुनाव के लिए मसौदा मतदाता सूची 20 नवंबर को जारी की गई है। इस पर 27 नवंबर तक आपत्तियां और सुझाव दिए जा सकते हैं, जबकि अंतिम सूची 5 दिसंबर को घोषित होगी। राज्य चुनाव आयोग ने 1 जुलाई तक की विधानसभा वार मतदाता सूची को आधार बनाते हुए वार्डवार नई सूची तैयार की है। इसी को लेकर ठाकरे ने आरोप लगाया कि विभाजन की प्रक्रिया भाजपा को ध्यान में रखकर की गई है।

### वार्ड बदलकर मतदाताओं की 'रणनीतिक शिफ्टिंग' का आरोप

आदित्य ठाकरे ने कहा कि मतदाता सूची मशीन से पढ़ने लायक नहीं है, जिससे नाम खोज पाना मुश्किल हो गया है। उनका दावा है कि मतदान क्षेत्रों की पुनर्व्यवस्था इस तरह की गई है कि भाजपा को कमजोर इलाकों में बढ़त मिले। कई इमारतों के निवासियों के नाम न सिर्फ दूसरे वार्ड बल्कि अलग विधानसभा क्षेत्रों में तक स्थानांतरित दिखाए गए हैं। उन्होंने इसे सीधा-सीधा 'वोट चोरी' करार दिया। ठाकरे ने सभी राजनीतिक दलों, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से आग्रह किया कि वे मसौदा सूची का गहन अध्ययन करें और किसी भी अनियमितता की जानकारी सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है। आदित्य ठाकरे ने चुनाव आयोग की भी आलोचना की। उनका कहना है कि यदि यह गड़बड़ी गलती से हुई है, तो यह आयोग की कार्यकुशलता पर सवाल खड़ा करती है, और यदि जानबूझकर किया गया है, तो मतदाताओं को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने जैसा है।

# डिलीवरी बॉय ने महिला को भेजे अश्लील मैसेज

## पुलिस ने दर्ज किया केस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भायखला क्षेत्र में एक महिला को अज्ञात डिलीवरी बॉय द्वारा लगातार अश्लील संदेश भेजने और धमकियां देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने भायखला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।




### ऑर्डर के बहाने लिया मोबाइल नंबर, फिर शुरू की परेशानियां

शिकायत के अनुसार, 23 सितंबर को परिनाज नाम की महिला ने ऑनलाइन किराना सामान ऑर्डर किया था। डिलीवरी बॉय ने कुछ सामान उपलब्ध न होने का बहाना बनाकर रिफंड के नाम पर महिला का मोबाइल नंबर ले लिया। अगले दिन उसने रिफंड की जानकारी देने के बहाने कॉल की, लेकिन इसी नंबर से बाद में उसने महिला को परेशान करना शुरू कर दिया।


### व्हॉट्सऐप पर अश्लील संदेश, चेतावनी के बाद भी नहीं रुका आरोपी

महिला के अनुसार, आरोपी ने उनका नंबर सेव कर व्हॉट्सऐप पर अश्लील संदेश भेजने शुरू कर दिए। परिजनों ने उसे चेतावनी भी दी, लेकिन 28 सितंबर को उसने दोबारा संदेश भेजे। आरोपी ने नंबर ब्लॉक करने का दावा किया, लेकिन 19 नवंबर को एक नए नंबर से फिर संदेश भेजकर अकेले मिलने का प्रस्ताव रखा और विरोध करने पर धमकियां देने लगा। लगातार छेड़छाड़ और धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस से मदद ली। भायखला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धारावी में लगी भीषण आग

**मुंबई।** धारावी इलाके में सायन-माहिम लिंक रोड के पास शनिवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. हालांकि घटना रेलवे ट्रैक के पास होने से वेस्टर्न रेलवे की सेवाएं प्रभावित हुईं। मुंबई के धारावी सायन-माहिन लिंक रोड के पास माहिम फाटक के पास नवंरग कंपाउंड में भीषण आग लग गई। आग की लपटें दूर से ही देखीं जा सकती थीं। बीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही दादर, बीकेसी, बांद्रा और शिवाजी पार्क फायर स्टेशन से दमकलकर्मियों की टाम को मौके पर भेजा गया। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

आग लगने का कारण और कितना नुकसान हुआ है, यह अभी पता नहीं चल पाया है। जहां आग लगी थी, वह रेलवे ट्रैक के पास है। इस बीच 60-फीट रोड पर यातायात में दिक्कत आई। पश्चिम रेलवे के अनुसार रेल सेवा पर असर पड़ा। बांद्रा और माहिम के बीच पांच लोकल ट्रेनें प्रभावित हुईं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।



# ट्रेन में इलेक्ट्रिक केतली में मैगी पकाना पड़ा भारी

**मुंबई।** एक एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच में एक महिला द्वारा इलेक्ट्रिक केतली को मोबाइल चार्जिंग सॉकेट में लगाकर नूडल्स पकाने का वीडियो वायरल होने के बाद रेलवे सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मध्य रेलवे ने इसे खतरनाक और दंडनीय हरकत बताते हुए महिला की पहचान कर ली है और उसके खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 147(1) के तहत कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। वीडियो में महिला नूडल्स पकाते हुए दावा करती दिखती है कि वह इसी तरह 10–15 लोगों के लिए चाय भी बना चुकी है। रेलवे अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि ऐसे उच्च क्षमता वाले उपकरण आग लगने का खतरा बढ़ाते हैं और ट्रेन के एसी सिस्टम तथा इलेक्ट्रिक सप्लाई को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे सफर के दौरान किसी भी संदिग्ध या खतरनाक गतिविधि की तुरंत जानकारी दें ताकि यात्रा सुरक्षित बनी रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार एवं एक्टिविस्ट दीपक कैतके की पहल

# दिव्यांग यात्रियों का किराया 100% हो सकता है माफ

## केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने सीएम को लिखा पत्र

## राज्य सरकार से तुरंत निर्णय लेने की मांग की

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई मेट्रो में दिव्यांग यात्रियों को केवल 25% की छूट मिलने से उनके दैनिक जीवन और आर्थिक परिस्थितियों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है। इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने राज्य सरकार से तुरंत निर्णय करने की मांग की है। वरिष्ठ पत्रकार एवं एक्टिविस्ट दीपक कैतके की पहल का समर्थन करते हुए आठवले ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को आधिकारिक पत्र भेजा।

### डीबीडी इन्फो : मुंबई मेट्रो में मिल रही है 25% छूट

मौजूदा समय में मुंबई मेट्रो में दिव्यांग यात्रियों को किराए में 25 फीसदी छूट मिलती है। हालांकि अभी तक एक्वा लाइन (मेट्रो लाइन -3) में छूट लागू नहीं हुई है। आधिकारिक बयान में कहा गया था कि दिव्यांग यात्रियों को 23 नवंबर 2025 से 25 फीसदी छूट मिलेगी। वहीं लाइन 2 A( D.N. नगर से दहिसर) और मेट्रो 7 (गुंदवली से दहिसर) और मेट्रो - 1 (घाटकोपर से वर्सोवा) तक दिव्यांग यात्रियों को किराए में 25 फीसदी की छूट मिलती है।



### दिव्यांगों पर यात्रा खर्च का भारी बोझ

अपने पत्र में आठवले ने कहा कि दिव्यांग यात्री आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होते और मेट्रो यात्रा उनके लिए सुरक्षित, तेज़ और सुविधाजनक विकल्प है। ऐसे में मेट्रो में 100% मुफ्त यात्रा सुविधा आवश्यक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार ने भले ही कई योजनाएं शुरू की हों, लेकिन मेट्रो में मुफ्त यात्रा की सुविधा दिव्यांगों के दैनिक जीवन में बड़ी राहत देगी।

### आठवले के हस्तक्षेप के बाद सरकार के निर्णय की रफ्तार बढ़ने की उम्मीद

आठवले के हस्तक्षेप के बाद अब उम्मीद है कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर जल्द निर्णय ले सकती है। दिव्यांगों के अधिकारों के लिए सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार दीपक कैतके लंबे समय से इस मांग को मजबूती से उठा रहे हैं। मुंबई सहित अन्य महानगरों में मेट्रो नेटवर्क के विस्तार से हजारों दिव्यांग यात्रियों को प्रतिदिन भारी खर्च उठाना पड़ता है।

### चुनावी माहौल में मुद्दे को मिला महत्वपूर्ण समर्थन

राज्य में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के चुनावों की पृष्ठभूमि पर दिव्यांगों के मुद्दों को केंद्र सरकार से मिला यह मजबूत समर्थन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब मुख्यमंत्री फडणवीस इस माग पर कितनी जल्दी निर्णय लेते हैं, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

# जीटी अस्पताल में नई व्यवस्था लागू

## अब तत्काल भर्ती और इलाज शुरू करेंगे इंटर्न डॉक्टर



**मुंबई।** गोकुलदास तेजपाल (जीटी) अस्पताल ने आपातकालीन विभाग में होने वाली देरी को रोकने के लिए एक बड़ा सुधार लागू किया है। अब ड्यूटी पर मौजूद इंटर्न डॉक्टर मरीज का तुरंत मूल्यांकन कर भर्ती करेंगे और इलाज शुरू कर देंगे, भले ही रेजिडेंट डॉक्टर इस पर असहमत हों कि किस विभाग को केस संभालना चाहिए। इससे मरीज को समय पर इलाज मिलना सुनिश्चित होगा।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, इस नई प्रणाली के लागू होने के बाद कैजुअल्टी वार्ड में भर्ती और उपचार में देरी की शिकायतें लगभग समाप्त हो गई हैं। पहले अंतर-विभागीय विवादों के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता था, जिससे कई गंभीर स्थितियों में जान का जोखिम बढ़ जाता था।

मुंबई के कई सरकारी अस्पतालों में विभागीय मतभेदों के कारण गंभीर देरी के मामले सामने आए हैं। सायन अस्पताल में पिछले महीने एक वरिष्ठ नागरिक की इलाज में देरी के चलते मौत हो गई थी। इसी तरह, एक युवक विभागों के विवाद के कारण बिना इलाज घर लौटने को मजबूर हुआ। इन घटनाओं को देखते हुए, पूर्व डीन डॉ. जितेंद्र संकपाल ने जीटी अस्पताल में यह नई नीति लागू की।नए प्रोटोकॉल के तहत, यदि रेजिडेंट डॉक्टर यह तय नहीं कर पाते कि मरीज किस विभाग में भर्ती होगा, तो इंटर्न डॉक्टर तत्काल मरीज को भर्ती करेंगे।

मध्य रेल

सामग्री प्रबंधक विभाग

ई-निविदा सूचना क्रमांक.
NIT/01/25/51 दिनांक 20 नवंबर 2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| निविदा क्रमांक | विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|
| 42251345 | विभिन्न सुरक्षा वाक्के का सेट | 82 सेट | 15-दिसंबर-25 |
| 27253904 | रोटर शॉफ़्ट | 566 सेट | 08-दिसंबर-25 |
| 38253407बी | इंटरकार गैंगवे माउंटिंग | 302 सेट | 15-दिसंबर-25 |
| 38252582 | नॉन-एसी कोच के लिए पी. यू. हेड रेस्ट, रंग कोड: ALNAC- 03 [नीला रंग] से ICF ड्रॉइंग. सं. SCN5-6-1-521, Alt. / 2. Col-I. सामग्री और विनिर्देश ड्राइंग के अनुसार | 18207 नग | 15-दिसंबर-25 |
| 27254658सी | इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक वाल्व का सेट | 15 सेट | 10-दिसंबर-25 |
| 90250654बी | एम.एस. राउंड 25 एमएम व्यास, लंबाई 5.5 से 13.5 मीटर | 139631 किलोग्राम | 08-दिसंबर-25 |
| 42251188 | पीओएच रिप्लेसमेंट किट | 70 सेट | 11-दिसंबर-25 |
| 38251811ए | गैर-एस्बेस्टोस आधारित "के" प्रकार उच्च घर्षण मिश्रित ब्रेक ब्लॉक | 98797 नग | 22-दिसंबर-25 |
| 38251505ए | एक्सल बॉक्स हाउसिंग [मशीनीकृत] | 2182 नग | 29-दिसंबर-25 |
| 27253376 | लॉक असेंबली का सेट | 165 सेट | 15-दिसंबर-25 |
| 51256059 | 60 किग्रा [90UTS] रेल की फ्यूजन वेल्डिंग के लिए वेल्डिंग भागों का निर्माण और आपूर्ति | 45,000 नग | 24-नवंबर-25 |
| RC61252158 | इंजेक्शन बेनरालिज़ुमैब 30 एमजी / एमएल | 76 नग | 08-दिसंबर-25 |
| 51256057 | आरडीएसओ ड्रॉइंग.नं. टी-2572 [Alt-5] के अनुरूप पीएससी स्लीपर पर 60 किग्रा रेल के लिए ग्लूड जॉइंट का निर्माण और आपूर्ति | 12000 नग | 01-दिसंबर-25 |
| RC62254710 | एबॉट एचडीए रिएजंट | 280 नग | 08-दिसंबर-25 |
| 51256066 | ओवरराइडिंग स्विच 1 इन 12 और 8.5 आरडीएसओ ड्रग.नं. टी-4219 और टी-4966 | 1000 सेट | 22-दिसंबर-25 |
| RC61253073 | इंजेक्शन ग्लाइकोपेगिलेटेड रिकॉम्बिनेट विस्तारित अर्धायु कारक VIII [यूनिटीयू] | 590055 नग | 22-दिसंबर-25 |
| 5225CUMM INSRC | कमिंस पुर्जों का रेट कॉन्ट्रैक्ट | 01 सेट | 22-दिसंबर-25 |

**नोट** : उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं।

AK- 677

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

संपादकीय

# त्रासदी की जवाबदेही

यह खबर विचलित करने वाली है कि दिल्ली में एक सोलह वर्षीय छात्र और जयपुर में एक नौ साल की छात्रा ने स्कूल की असहज स्थितियों के चलते आत्महत्या कर ली है। निस्संदेह, ये आत्महत्या की घटनाएं एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करती हैं। भारत के स्कूल, जिनका उद्देश्य बच्चों का पालन-पोषण और सुरक्षा करना है, तेज़ी से ऐसे स्थानों में बदल रहे हैं जहां क्रूरता, उपेक्षा और अनियंत्रित अधिकार बच्चों के जीवन को बर्बाद कर सकते हैं। ये त्रासदियां कोई असामान्य बात नहीं हैं; ये एक असफल व्यवस्था के लक्षण हैं। तीसरी भयावह घटना महाराष्ट्र के वसई की है जहां एक तेरह साल की छात्रा को किसी कारणवश स्कूल देर से पहुंचने पर शिक्षक ने अमानवीय सजा दी। छात्रा को स्कूल बैग के साथ सौ उठक-बैठक लगाने को बाध्य किया गया। यह तथ्य नजरअंदाज करते हुए कि वह एनीमिया से पीड़ित है। छात्रा कुछ देर के बाद बेहोश हो गई और कालांतर में उसकी मौत हो गई। निस्संदेह, एक छात्र व एक छात्रा की आत्महत्या और महाराष्ट्र के वसई में छात्रा की उठक-बैठक लगाने से हुई मौत एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करती है। स्कूल जिनका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पालन-पोषण और सुरक्षा करना था, वे बच्चों के जीवन पर संकट की वजह बन रहे हैं। वहां शिक्षकों की संवेदनहीनता, उपेक्षा और सख्त व्यवहार कई बच्चों का जीवन बर्बाद कर सकते हैं। ये त्रासदियां असामान्य बात नहीं, ये हमारी शिक्षा व्यवस्था की असफलता की कहानी कहती है। दिल्ली में, मेट्रो स्टेशन से छलांग लगाने वाले किशोर ने अपने शिक्षकों के हाथों अपमान का हृदय विदारक वर्णन करते हुए एक पत्र छोड़ा है। उसके माता-पिता ने छात्र के उत्पीड़न का आरोप शिक्षकों पर लगाया है। उनका आरोप है कि उसे छोटी-छोटी बात पर डांटा गया, निष्कासन की धमकी दी गई और सहपाठियों के सामने मजाक उड़ाया गया। आत्महत्या करने वाले छात्र के अभिभावकों द्वारा प्राथमिकी में बताया गया कि छात्र ने मन में आने वाले आत्महत्या के विचार से काउंसलर को अवगत कराया था। लेकिन शिक्षकों ने न तो माता-पिता को सूचित किया और न ही उसे इस दिशा में सोचने से रोकने के लिये कोई सलाह दी गई। निश्चित रूप से जब कोई छात्र अपनी किसी गंभीर समस्या का जिक्र करता है तो ऐसे में उदासीनता हिंसा का एक रूप ही कही जाएगी। वहीं दूसरी ओर जयपुर में नौ वर्षीय छात्रा की मौत के मामले में सीबीएसई की जांच में संस्थागत उदासीनता का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि पिछले 18 महीने से छात्रा अन्य छात्राओं द्वारा परेशान की जा रही थी। जिस दिन छात्रा ने आत्महत्या की, उस दिन वह अपनी सहपाठियों द्वारा लिखी गई, अश्लील सामग्री से स्पष्ट रूप से व्यथित होकर 45 मिनट में पांच बार अपनी शिक्षिका के पास शिकायत लेकर गई थी। शिक्षिका ने उसकी दलीलों को खारिज कर दिया और उलटा उसे ही डांटा। निश्चित रूप से शिक्षिका ने छात्रा की देखभाल के अपने कर्तव्य का उल्लंघन किया। कमोबेश वसई की घटना भी शिक्षक की घोर संवेदनहीनता को ही दर्शाती है, जिसने एनीमिया से पीड़ित छात्रा से बैग के साथ सौ उठक-बैठक लगवाई। हालांकि, शिक्षक को गैर-इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन छात्रा का जीवन वापस नहीं लौटाया जा सकता। निश्चित रूप से तीन राज्यों में तीन विद्यार्थियों की मौत हमारी संवेदनहीन व्यवस्था को ही दर्शाती है। दरअसल, आज स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिये कारगर कानून के अलावा भावनात्मक संकट की रिपोर्टिंग अनिवार्य करने की जरूरत है।

शख़्सियत | गीता दत्त

## संगीत की अमर प्रतिध्वनि



गीता दत्त ( जन्मः 23 नवंबर 1930 – 20 जुलाई 1972) एक भारतीय शास्त्रीय और पार्श्व गायिका थीं। उन्हें हिंदी सिनेमा और बंगाली सिनेमा में एक पार्श्व गायिका के रूप में विशेष प्रसिद्धि मिली और उन्हें हिंदी फिल्मों में अब तक की सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिकाओं में से एक माना जाता है। उन्होंने गैर-फिल्मी शैली में कई आधुनिक बंगाली गाने भी गाए।

गीता घोष रॉय चौधरी, ब्रिटिश भारत के बंगाल राज्य के फ़रीदपुर ज़िले के मदारीपुर उपखंड के इदिलपुर नामक गाँव में एक धनी ज़मींदार परिवार में जन्मी दस संतानों में से एक थीं। वर्तमान में यह बंगाल के शरीयतपुर ज़िले के गोसाइरहाट उपजिला के अंतर्गत आता है। 1940 के दशक की शुरुआत में उनका परिवार अपनी ज़मीन-जायदाद छोड़कर कलकत्ता और असम चला गया। 1942 में, उनके माता-पिता बंबई के एक अपार्टमेंट में रहने चले गए। गीता बारह साल की थीं और उन्होंने बंगाली हाई स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा जारी रखी।

बचपन में ही उन्होंने अपने संगीत शिक्षक हीरेंद्रनाथ नंदी से गायिका का प्रशिक्षण लिया, उसके बाद उनका परिवार 1942 में पूर्वी बंगाल छोड़कर बंबई में बस गया। संगीतकार के. हनुमान प्रसाद ने सोलह साल की उम्र में गीता को 1946 में फ़िल्मों में गायन के क्षेत्र में उतारा, जब उन्हें पौराणिक फ़िल्म ₹भक्त प्रह्लाद₹ में पहला ब्रेक मिला। उन्हें दो गीतों के लिए दो पंक्तियाँ गाने को दी गईं।

1947 की फ़िल्म दो भाई से उन्हें पार्श्व गायन में सफलता मिली, जिसमें एस. डी. बर्मन द्वारा रचित लोकप्रिय गीत ₹मेरा सुंदर सपना बीत गया₹ शामिल था। इसके बाद उन्होंने दो साल के अंतराल में 15 फ़िल्मों में काम किया। 1949 तक, उन्होंने शहीद, एक थी लड़की, दरोगाजी, शबनम और जीत जैसी फ़िल्मों में लोकप्रिय गीतों के साथ खुद को उस समय की अग्रणी पार्श्व गायिकाओं में से एक के रूप में स्थापित कर लिया था।

दरोगाजी (1949) और जोगन (1950) दोनों में दत्त द्वारा गाए गए और बुलो सी रानी द्वारा संगीतबद्ध 12 या उससे अधिक गीत थे। 1947 और 1964 के बीच दत्त और रानी के बीच निरंतर सहयोग से 60 गीत लिखे गए।


1951 में, हिंदी फ़िल्म बाज़ी में उनके गाने, जिनमें एस. डी. बर्मन ने भी संगीत दिया था, बेहद सराहे गए, जिनमें से एक गाना ₹तड़बीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले₹ प्रशंसकों का पसंदीदा गाना था। इसी गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान उनकी मुलाक़ात बाज़ी के निर्देशक गुरु दत्त से हुई और वे उनसे प्यार करने लगीं। लगातार हिट गानों ने उन्हें 1950 के दशक में हिंदी फ़िल्म उद्योग में सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली और सबसे ज़्यादा मांग वाली गायिकाओं में से एक बना दिया। उन्होंने 1948 में लगभग बारह फ़िल्मों और 1949 में कम से कम पच्चीस फ़िल्मों में गाना गाया। एस. डी. बर्मन के साथ अपने सहयोग और उन्हें एक साथ मिली सफलता के बारे में, बर्मन के बेटे संगीतकार आर. डी. बर्मन ने कहा, गीता दत्त मेरे पिता की पसंदीदा थीं और हमारे बीच एक पारिवारिक भावना थी। गीता का पहला हिट गाना 'मेरा सुंदर सपना बीत गया' मेरे पिता द्वारा रचित था, जिन्हें वह चाचा कहती थीं।

20 जुलाई 1972 को 41 वर्ष की आयु में लीवर सिरोसिस के कारण मुंबई, महाराष्ट्र में उनकी मृत्यु हो गई।

# तकनीक के पैमाने पर महिला शिक्षा



विजय गर्ग
सेवानिवृत्त प्रिंसिपल
मलोट पंजाब



महिलाओं की शिक्षा परिवार से लेकर राष्ट्र तक के विकास में अहम भूमिका निभाती है। हालांकि शिक्षा के पैमाने पर महिलाओं की स्थिति में उत्तरोत्तर प्रगति हुई ₹लेकिन आज के बदलते शैक्षिक एवं तकनीकी परिदृश्य के मद्देनजर महिला शिक्षा में व्यापक विकास एवं उन्नयन की महती आवश्यकता है। यहां पर हाल ही की एक रपट का उल्लेख करना जरूरी होगा, जिसमें यह निष्कर्ष निकाला गया है कि पूरे विश्व में लगभग 1.5 करोड़ लड़कियों को प्राथमिक शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। यह रपट महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम करने वाली संस्था 'संयुक्त राष्ट्र महिला' की ओर से जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि हाल के दशकों प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में लैंगिक समानता को लेकर काफी कुछ सुधार देखने को मिले हैं, मगर बहुत सारे ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें लैंगिक असमानता अभी भी गहरी पैठ बनाए हुए है। अगर विद्यालयों में नामांकन की बात की जाए तो प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर महिलाओं की स्थिति में काफी हद तक केतक सुधार हुआ है। वहीं एक कड़वा सच यह भी है कि नामांकन कराने के बाद शिक्षा को बीच में ही छोड़ देने वालों में भी महिलाओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा कई गुना अधिक है। कई स्थानों पर तो 48.1 फीसद लड़कियां स्कूल जाने से वंचित हैं। डिजिटल क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तनों की वजह से आज शैक्षिक परिदृश्य भी हर स्तर पर परिवर्तित हो चुका है। लिहाजा, अब केवल शिक्षित होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि तकनीकी रूप से दक्ष होकर एवं कौशल विकास के पैमाने पर लगातार प्रगति करके ही खुद को इस बदलते परिदृश्य के साथ जोड़े रखा जा सकता है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी तकनीक के नवीनतम उत्पाद दिन-प्रतिदिन उत्कृष्ट रूप ग्रहण करते जा रहे हैं। विशेष बात यह है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव एक हद तक परिलक्षित होने लगा है। है। हाल एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2018 2023 के बीच डेटा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 26 फीसद रही है। संयुक्त राष्ट्र की महिला केंद्रित इकाई की रपट में बताया गया है कि महिलाओं को प्राथमिक शिक्षा उचित रूप से उपलब्ध नहीं होने के पीछे एक बड़ा कारण सामाजिक व्यवस्थाएं भी हैं। गौरतलब है कि हमारे सामाजिक परिदृश्य में लैंगिक असमानता एवं भेदभाव से परिपूर्ण सोच आज भी गहरे तक समाई हुई है। इसी सोच का दुष्परिणाम है कि लड़कियों के लिए शिक्षा तक पहुंच पाना एक बड़ी चुनौती है। बड़ी संख्या में लड़कियां शिक्षा के लिए विद्यालयों में नामांकन तो कर लेती हैं, मगर बीच में ही उन्हें मजबूरन पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। इसके प्रमुख कारणों में अल्प आयु में ही विवाह हो जाना और घरेलू कार्यों की आवश्यकता से अधिक जिम्मेदारी लाद दिया जाना भी शामिल है। पंद्रह वर्ष से कम आयु वाले बच्चों में 2.7 फीसद लड़कों की तुलना में 3.2 फीसद लड़कियां स्कूल नहीं जाती हैं। एक अन्य रपट के अनुसार, विश्व के 68 फीसद देशों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग एवं गणित की शिक्षा को समर्थन देने वाली नीतियां मौजूद हैं, लेकिन इनमें से केवल पचास फीसद नीतियां ही की शिक्षा पर केंद्रित हैं। जाहिर कि नीतिगत कमी अथवा नीतियों की विफलता भी महिला शिक्षा के अवरुद्ध होने के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। इसके लिए बड़े एवं व्यापक स्तर पर प्रयासों की श्रृंखला को अमल लाना होगा। इसमें पहला एवं सबसे महत्त्वपूर्ण प्रयास यह है कि व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र, प्रत्येक स्तर पर रूढ़िवादी सोच एवं अनावश्यक पूर्वाग्रहों से ग्रसित मानसिकता का जड़ से उन्मूलन करना होगा, क्योंकि महिलाओं की शिक्षा सबसे बड़ा बाधक तत्त्व यही है। प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक प्रत्येक स्तर पर महिलाओं के दृष्टिकोण से संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुए बुनियादी ढांचे में पर्याप्त सुधार करने होंगे।

एक अन्य अहम पहलू यह भी है कि चूंकि आज आनलाइन शिक्षा एक विकसित रूप धारण कर चुकी है, इसलिए महिलाओं की डिजिटल साक्षरता पर शुरुआत से ही ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि वे शिक्षा के नवीनतम स्वरूप एवं परिवेश में अपने आप को ढालने में समर्थ एवं सक्षम हो सकें। एक शिक्षित एवं सफल महिला केवल एक परिवार ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए आदर्श होती है। इस सोच के साथ शिक्षा की उन सभी कमियों को दूर करने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए जाने चाहिए, जो विशेष रूप महिलाओं को प्रभावित करती हैं। भारत के संबंध में बात की जाए, देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है और वहां आज भी पुरुष प्रधान प्रधान विचारधारा कहीं न कहीं हावी है। नतीजा यह होता है कि महिलाएं शिक्षा का विकल्प या तो चुन नहीं पातीं और यदि उस राह पर आगे बढ़ती भी हैं, तो बहुत आगे तक नहीं जा पातीं। इसके अलावा महिला असुरक्षा जो हमारे देश में एक बेहद ज्वलंत मुद्दा है, महिलाओं की शिक्षा में एक बहुत बड़ा रोड़ा है। असुरक्षा के भय से बहुत से अभिभावक अपनी बेटियों को शिक्षा के लिए बाहर भेजने से कतराते हैं। हालांकि शासन के स्तर से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' एवं अन्य महत्त्वपूर्ण योजनाएं क्रियान्वयन में लाई गई हैं, लेकिन व्यावहारिक रूप से वे सभी कितना सफल हैं, इस इस संबंध में कुछ कहना बहुत मुश्किल है। हम एक और विकसित राष्ट्र बनने का सपना एवं संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं, दूसरी ओर लैंगिक असमानता एवं महिला अशिक्षा जैसी चुनौतियां भी एक कटु वास्तविकता के रूप में हमारे समक्ष खड़ी हैं। आज आवश्यकता है जल्द से जल्द इन चुनौतियों एवं बाधाओं से निजात पाने की, क्यों जब तक ये मौजूद रहेंगी, तब तक विकसित राष्ट्र बनने का स्वप्न कदापि साकार नहीं हो सकता। शिक्षा आज केवल किताबों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि यह आनलाइन संसाधनों, आभासी मंच एवं डिजिटल माध्यमों तक विस्तृत हो चुकी है। विज्ञान और तकनीकी प्रगति आज के युग की रीढ़ है। विश्व की अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक संरचना तकनीकी विकास पर आधारित हो चुकी है। भारत जैसे विकासशील देश में विज्ञान एवं तकनीक को बढ़ावा देना राष्ट्र की प्राथमिकता है। इस क्षेत्र में यदि महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित हो जाए, तो देश की प्रगति को कई गुना गति मिल सकती है।

जीवन मंत्र


## सत्य तभी प्रकट होता है, जब मन निर्मल और निडर हो

निडरता सत्य तक पहुँचने का दूसरा आवश्यक गुण है। बहुत बार हम सत्य जानते हैं, लेकिन डर के कारण उसे व्यक्त नहीं कर पाते। डर हमें कमजोर बनाता है और झूठ का सहारा लेने पर मजबूर करता है।

सत्य जीवन का आधार है, लेकिन हर कोई इसे तुरंत नहीं देख पाता। झूठ, भय और स्वार्थ की परतें अक्सर सत्य को ढक देती हैं। जब मन लोभ, ईर्ष्या और संकीर्ण विचारों से भरा हो, तो सत्य की पहचान कर पाना कठिन हो जाता है। यह बिल्कुल वैसे है जैसे धूल से ढके दर्पण में अपनी छवि साफ़ दिखाई नहीं देती। जब तक हम अपने मन को इन विकारों से मुक्त नहीं करेंगे, तब तक सत्य हमारे सामने नहीं आ पाएगा।

निर्मल मन का अर्थ है—साफ़ और सच्चा मन। जब कोई व्यक्ति निष्कपट होकर सोचता है, दूसरों का भला चाहता है और अपने विचारों में ईमानदारी रखता है, तब उसका मन निर्मल माना जाता है। ऐसे मन में स्वार्थ और छल-कपट की जगह नहीं होती। निर्मलता के बिना सत्य का प्रकाश दिखाई नहीं दे सकता, क्योंकि सत्य हमेशा पवित्रता और सादगी में ही प्रकट होता है।

निडरता सत्य तक पहुँचने का दूसरा आवश्यक गुण है। बहुत बार हम सत्य जानते हैं, लेकिन



डर के कारण उसे व्यक्त नहीं कर पाते। डर हमें कमजोर बनाता है और झूठ का सहारा लेने पर मजबूर करता है। जब तक हम भय से मुक्त नहीं होंगे, तब तक सत्य को जी नहीं पाएंगे। निडर व्यक्ति ही सच्चाई का सामना करने का साहस जुटा सकता है और कठिन परिस्थितियों में भी सत्य का मार्ग चुन सकता है।

निर्मलता और निडरता का मेल ही सत्य की ओर ले जाता है। यदि मन निर्मल है लेकिन उसमें डर है, तो सत्य अधूरा रह जाएगा। इसी तरह, यदि मन निडर है लेकिन शुद्ध नहीं, तो सत्य विकृत हो जाएगा। इसलिए दोनों गुणों का संतुलन आवश्यक है। जब मन स्वच्छ होता है और हृदय साहस से भरा होता है, तब सत्य स्वतः ही स्पष्ट हो जाता है, और व्यक्ति अपने जीवन में सही निर्णय ले पाता है।

इसलिए यह कथन हमें यह प्रेरणा देता है कि हमें अपने भीतर की नकारात्मकता को त्यागकर आत्मा को निर्मल बनाना चाहिए और हर परिस्थिति में सत्य बोलने और स्वीकार करने का साहस रखना चाहिए। यही वह मार्ग है जिससे व्यक्ति अपने जीवन को सफल, सार्थक और उज्ज्वल बना सकता है। सत्य केवल बाहरी दुनिया का नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मज्ञान का भी द्वार खोलता है।

जीवन ऊर्जा | नीरद सी. चौधरी : जन्म– 23 नवंबर 1897 | जन्म

## सभ्यता मन की बनावट है, भौतिक चीज़ों की नहीं

नीरद चंद्र चौधरी सी.बी.ई. (23 नवंबर 1897 – 1 अगस्त 1999) एक भारतीय लेखक थे। 1990 में, ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय ने चौधरी को, जो उस समय ऑक्सफ़ोर्ड शहर के एक लंबे समय के निवासी थे , मानद उपाधि से सम्मानित किया । 1992 में, उन्हें मानद कमांडर ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ़ द ब्रिटिश एम्पायर (CBE) की उपाधि दी गई।

जब किसी समाज का मनुष्य विचारशील, संवेदनशील और नैतिक होता है, तभी वह समाज वास्तव में सभ्य कहलाता है। केवल ऊँची इमारतें, तकनीक या धन किसी देश को आधुनिक तो दिखा सकते हैं, लेकिन उन्हें सभ्य नहीं बना सकते। सभ्यता की जड़ें हमेशा मन के भीतर— हमारी सोच, दृष्टि और चरित्र में होती हैं।

इस विचार का पहला पहलू यह है कि सभ्यता का वास्तविक मूल्यांकन इस बात से नहीं होता कि हम क्या पहनते हैं, क्या उपयोग करते हैं या हमारे पास कितनी संपत्ति है। बल्कि, यह इस बात से होता है कि हम एक-दूसरे के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। क्या हम धैर्यवान हैं?



क्या हम सहनशील हैं? क्या हम दूसरों की भावनाओं और अधिकारों का सम्मान करते हैं? जब इंसान के भीतर दया, परोपकार, अनुशासन और सत्यनिष्ठा होती है, तभी समाज में शांति और संतुलन बनता है— और यही सभ्यता का आधार है।

दूसरा पहलू यह है कि भौतिक वस्तुएँ बदलती रहती हैं, जबकि मन की बनावट स्थायी होती है। एक समाज के पास आज बड़ी इमारतें हों या शानदार साधन हों, लेकिन यदि उसके लोग स्वार्थ, क्रोध, अहंकार या हिंसा से भरे हों, तो वह सभ्य नहीं कहा जा सकता। इसके विपरीत, एक साधारण साधनों वाला समाज भी अत्यंत सभ्य हो सकता है यदि उसके लोग नैतिक मूल्यों का पालन करते हों। इसका अर्थ है कि सभ्यता का मापदंड बाहरी चीज़ें नहीं, बल्कि भीतर की गुणवत्ता है।

तीसरा पहलू यह है कि मन की बनावट शिक्षित करने से नहीं, बल्कि संस्कारों और आदर्शों से बनती है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## भागवत कथा मनुष्य को स्वयं की पहचान से जोड़ती है


भागवत कथा मनुष्य को स्वयं की पहचान से जोड़ती है क्योंकि यह कथा केवल पौराणिक प्रसंगों का संग्रह नहीं, बल्कि मानव जीवन के हर पहलू को समझाने वाली आध्यात्मिक ज्ञान धारा है, जो धीरे-धीरे मनुष्य को उसके भीतर छिपे सत्य के करीब ले जाती है। जब कोई व्यक्ति श्रद्धा, शांत मन और खुले हृदय से कथा सुनता है, तो कथा के प्रसंग, संवाद और जीवन-उद्धारक घटनाएँ उसके भीतर एक नई हलचल पैदा करती हैं। यह हलचल उसे जीवन के सामान्य और सांसारिक दायरे से उठाकर गहरे चिंतन की ओर ले जाती है, जहाँ वह स्वयं से प्रश्न पूछने लगता है—“मैं वास्तव में कौन हूँ? क्या मैं केवल शरीर हूँ, या शरीर से परे भी मेरा कोई अस्तित्व है? मेरे जीवन का उद्देश्य केवल संघर्ष, कमाई और रिश्तों तक सीमित है, या जीवन इसके पार भी कुछ कहना चाहता है?” इसी तरह के प्रश्न जब मन में उठते हैं, तो मनुष्य बाहरी दुनिया की शोर-गुल और भ्रम से हटकर पहली बार अपने भीतर झाँकने लगता है। यह आत्म-झाँकना ही आत्म-ज्ञान का पहला कदम है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

कथा के पात्र जैसे ध्रुव, प्रह्लाद, विदुर, परीक्षित, अक्रूर, ग्वाल-बाल, गोपियाँ और स्वयं भगवान श्रीकृष्ण—इनके जीवन से मनुष्य सीखता है कि जीवन में चाहे जितनी कठिनाइयाँ हों, यदि मन ईश्वर की शरण में और सत्य के मार्ग पर टिक जाए, तो हर परिस्थिति आत्मिक विकास का माध्यम बन जाती है। कथा मनुष्य को यह भी सिखाती है कि जीवन में आने वाला हर सुख-दुख, हर हानि-लाभ, हर मिलने-बिछड़ने की घटना केवल बाहरी घटनाएँ नहीं, बल्कि मनुष्य की चेतना को विकसित करने वाले चरण हैं। जब यह समझ भीतर बैठने लगती है, तो व्यक्ति धीरे-धीरे जीवन को बाहरी रूप से कम और भीतरी रूप से अधिक समझने लगता है, और यह समझ उसे उसके वास्तविक स्वरूप यानी आत्मा की ओर ले जाती है।

भागवत कथा में बार-बार यह संदेश मिलता



है कि मनुष्य का असली शत्रु बाहरी दुनिया नहीं, बल्कि उसका मन है—जो इच्छाओं, क्रोध, ईर्ष्या, अहंकार और कामना के कारण अस्थिर और अशांत रहता है। कथा के माध्यम से जब मनुष्य इन भावनाओं को पहचानना शुरू करता है, तो वह यह समझने लगता है कि यदि मन को वश में कर लिया जाए, तो जीवन की हर कठिनाई सरल हो सकती है। यही समझ मनुष्य को मानसिक और भावनात्मक स्तर पर साफ करती है। मन का यह शुद्ध होना उसे उसके मूल स्वरूप की ओर ले जाता है, जहाँ न भय है, न द्वेष, न स्वार्थ—सिर्फ शांति, प्रेम और प्रकाश है। यही प्रकाश “स्वयं” की पहचान है, जिसे मनुष्य दुनिया से भागकर नहीं, बल्कि दुनिया को समझकर और भीतर को पहचानकर प्राप्त करता है।

भागवत कथा का केंद्र भक्ति है—निष्ठा, प्रेम और समर्पण का ऐसा रूप जो मनुष्य को ईश्वर से ही नहीं, बल्कि अपने भीतर के दिव्य तत्व से भी जोड़ता है। जब मन किसी एक उच्चतर शक्ति में विश्वास करता है, तो वह स्वयं को अकेला, असहाय या दिशाहीन नहीं महसूस करता। यह विश्वास मनुष्य को भीतर से मजबूत बनाता है और उसे अपने मन, अपने विचारों और अपनी भावनाओं को गहराई से समझने की क्षमता देता है। भक्ति का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि यह समझ है कि हर जीव में ईश्वर का अंश है, इसलिए हर व्यक्ति सम्मान और करुणा का पात्र है। यह समझ मनुष्य को अपनी सीमित सोच, स्वार्थ और अहंकार से दूर ले जाती है, जिसके बाद वह अपने भीतर छिपी पवित्रता को पहचानने लगता है।

कथा यह भी सिखाती है कि जीवन का उद्देश्य केवल परिवार, नौकरी, धन-संपत्ति और सम्मान तक सीमित नहीं है। ये सभी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन ये मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं हैं। अंतिम लक्ष्य है—आत्मा को समझना, मन की शांति प्राप्त करना, जीवन में संतुलन बनाना और परम सत्य को पहचानना। जब मनुष्य इन उद्देश्यों की ओर बढ़ता है, तो वह अपने जीवन में एक नई दिशा, नई ऊर्जा और नई समझ का अनुभव करता है, जो उसे स्वयं के और भी निकट ले जाती है।

अपने विचार



भाजपा केवल उन्हीं लोगों को महत्वपूर्ण मानती है जो उसके हितों की पूर्ति करते हैं। बात ये है कि उनके लिए वहीं महत्वपूर्ण है जो उनके काम आए। यूज एंड थ्रो। यही भाजपा है।

**–दिग्विजय सिंह**,वरिष्ठनेता, कांग्रेस



चुनावों में अपने दृष्टिकोण के लिए जोश के साथ लड़ें। लेकिन एक बार जब चुनाव खत्म हो जाए और जनता अपना फैसला सुना चुकी हो तो उस राष्ट्र के सामान्य हित में एक–दूसरे के साथ सहयोग करना सीखें। जनता की सेवा करने के लिए आप दोनों प्रतिबद्ध हैं।

**–शशि थरूर**,नेता,कांग्रेस



एकनाथ शिंदे अब महायुति में मची कलह से परेशान हो गए हैं। इसी के चलते वह बुधवार रात को दिल्ली जाकर अमित शाह से मिले थे। अब तो ये लोग आपस में ही लड़ रहे हैं। कोई दिल्ली भागता है तो कोई किसी और के पास जाता है। आखिर ये लोग इतने असहाय क्यों हो गए हैं।

**–उद्धव ठाकरे**, अध्यक्ष,शिवसेना(यूबीटी)



'BJP और चुनाव आयोग मिलकर तैयारी कर रहे हैं कि जिन सीटों पर समाजवादी पार्टी 2024 में जीती, वहां के 50,000 वोट काट दिए जाएं, हम लोग सतर्क हैं। यही योजना वो पश्चिम बंगाल में भी लागू करने जा रहे हैं।

**–अखिलेश यादव**, अध्यक्ष,सपा

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार “माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. ” के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िम्मेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### 24 को नांदगाव–पिंपरखेड तीसरी लाइन का सीआरएस निरीक्षण

**नांदगाव।** नांदगाव–पिंपरखेड तीसरी रेलवे लाइन का संरचनात्मक निरीक्षण मुख्य संरक्षा आयुक्त (कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी), सेंट्रल सर्कल द्वारा 24 नवंबर 2025 को किया जाएगा, जिसके तहत उच्च गति से इंजन स्पीड परीक्षण भी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नागरिकों, स्थानीय निवासियों, पशुपालकों और ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे रेलवे ट्रैक के पास न जाएं, रेलवे लाइन पार न करें, ट्रैक के आसपास मवेशी न चराएं और किसी भी प्रकार की बाधा (वस्त्र, वाहन, मलबा आदि) रेलवे मार्ग पर न डालें। रेलवे प्रशासन ने सभी गांवों के लोगों से सहयोग का अनुरोध किया है ताकि यह संरक्षा जांच सुरक्षित और सुचारू रूप से पूर्ण हो सके।

### राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ने सलाम शेख को बनाया भिवंडी शहराध्यक्ष




**भिवंडी।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) महाराष्ट्र ने सलाम शेख को भिवंडी शहराध्यक्ष नियुक्त किया है। सांसद व इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीवा रेड्डी की अनुशंसा पर डॉ. कैलाश कदम द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में बताया गया कि यह जिम्मेदारी उन्हें संगठन के प्रति उनके समर्पण, सक्रियता और मजदूरों के अधिकारों के लिए निरंतर किए गए प्रयासों के आधार पर दी गई है। संगठन ने विश्वास जताया है कि सलाम शेख श्रमिकों की समस्याओं और अधिकारों के लिए प्रभावी कार्य करते हुए इंटक को और मजबूत बनाएंगे।

### यूबीटी की चौक सभा संपन्न



**भिवंडी।** प्रभाग 11 के नांगांव किदवाई नगर तालाब, अपना हॉस्पिटल के पास शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्ष द्वारा जिल्हा प्रमुख मनोज गगे के मार्गदर्शन और भारतीय कामगार सेना भिवंडी के अध्यक्ष नजीर शेख पप्पन की पहल पर चौक सभा आयोजित की गई। जिल्हा प्रमुख मनोज गगे, संपर्क प्रमुख कीशोर पोतदार, महानगर प्रमुख अरुण पाटिल सहित अनेक पदाधिकारियों की उपस्थिति में आगामी जनवरी 2026 के भिवंडी–निजामपुर महानगरपालिका चुनाव पर चर्चा हुई।

# लोनावला-बीवीटी यार्ड और कल्याण-लोनावला सेक्शन पर स्पेशल ट्रैफिक और पावर ब्लॉक

▶▶ 26 से 29 नवंबर तक चलने वाली ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



मध्य रेल का मुंबई मंडल 26 नवंबर से 6 दिसंबर 2025 तक लोनावला–बीवीटी यार्ड में प्री नॉन-इंटरलॉकिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यों के लिए विशेष ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक लेगा। इस दौरान यार्ड रीमॉडलिंग, डाउन यार्ड में 3 R&D लाइनों और अप यार्ड में 5 R&D लाइनों के एक्सटेंशन, तथा कल्याण–लोनावला सेक्शन पर अप लाइन की विस्तार संबंधी गतिविधियाँ होंगी।

### 26–27 नवंबर : डाउन लाइन पर ब्लॉक

दोनों दिनों 11:25 बजे से 18:25 बजे तक डाउन लाइन पर ब्लॉक रहेगा। इस दौरान कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों को रेगुलेट किया जाएगा। जोधपुर–हड़पसर एक्सप्रेस, सीएसएमटी–चेन्नई एक्सप्रेस, एलटीटी–मदुरै एक्सप्रेस और अन्य ट्रेनों को 10 मिनट से 1 घंटे तक विभिन्न स्टेशनों पर रोका जाएगा।

### सबअर्बन ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन

26 और 27 नवंबर को पुणे–लोनावला सबअर्बन ट्रेनों पर असर पड़ेगा। पुणे और शिवाजी नगर से चलने वाली कुछ ट्रेनें तालेगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होंगी, जबकि लोनावला–पुणे/शिवाजी नगर जाने वाली ट्रेनें तालेगांव से शॉर्ट ओरिजिनेट की जाएँगी।

### 28–29 नवंबर : अप व डाउन लाइन पर ब्लॉक

इन दो दिनों 11:25 बजे से 18:00 बजे तक दोनों लाइनों पर ब्लॉक रहेगा। इस दौरान पुणे मंडल में कई प्रमुख मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को 30 मिनट से 1.30 घंटे तक रेगुलेट किया जाएगा। इसमें डेक्कन एक्सप्रेस, इंदौर एक्सप्रेस, कोयना एक्सप्रेस, उद्यान एक्सप्रेस और नागरकोइल–सीएसएमटी एक्सप्रेस शामिल हैं।

### चेन्नई, इंटरसिटी व इंद्रायणी एक्सप्रेस पर असर

28–29 नवंबर को सीएसएमटी–चेन्नई एक्सप्रेस को लोनावला में 10 मिनट रोका जाएगा। इसी अवधि में पुणे–सीएसएमटी इंटरसिटी और इंद्रायणी एक्सप्रेस सीएसएमटी पर 10–15 मिनट देरी से पहुँचेंगी। मदुरै–एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 29 नवंबर को 10–15 मिनट देर से पहुंचेगी।

### सीएसएमटी–होसपेटे एक्सप्रेस का लेट प्रस्थान

दोनों दिनों ट्रेन नंबर 11139 सीएसएमटी–होसपेटे एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से देर से प्रस्थान करेगी। यात्रियों को यात्रा से पहले अपडेट अवश्य जांचने की सलाह दी गई है।

### सबअर्बन सेवाओं में बदलाव

28–29 नवंबर को भी कई सबअर्बन ट्रेनें तालेगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होंगी। पुणे, शिवाजी नगर और लोनावला से चलने वाली कुल 10 से अधिक सेवाएँ प्रभावित होंगी और तालेगांव से पुनः ओरिजिनेट कर चलाई जाएँगी।

### 30 नवंबर से 6 दिसंबर तक सेवाएँ सामान्य

रेलवे ने बताया कि 30 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच ट्रेनों के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे ट्रेन संचालन में बदलावों पर नजर रखें और होने वाली असुविधा में रेलवे का सहयोग करें।

# दो साल के हमदान को मिली नई जिंदगी

▶▶ डिप्टी सीएम शिंदे ने अस्पताल में जाकर जाना हाल

▶▶ परिवार ने जताया आभार

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**



डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने जुपिटर हॉस्पिटल पहुंचकर दो साल के हमदान मोहम्मद से मुलाकात की, जो 25 फुट गहरे सीवर में गिरने के बाद चमत्कारिक रूप से बच गया। शिंदे ने उसकी सेहत के बारे में विस्तार से जानकारी ली, जबकि बच्चे के परिजनों ने नम आंखों से उनका धन्यवाद किया।

### कैसे हुआ हादसा?

राबोडी निवासी हमदान दो दिन पहले अपनी नानी के घर आया था। वहां से लौटते समय उसने दादी का हाथ छोड़कर पिता की ओर भागते हुए ध्यान साधना कॉलेज के पास बने अंडरपास के नाले पर रखे पाइप पर पैर रख दिया और 25 फुट नीचे सीवर में गिर गया। आसपास के लोगों ने शोर मचाकर उसे बचाने की कोशिश की।

### स्थानीय नेताओं ने दी तुरंत सूचना

घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व नगरसेवक विकास रेपाले और पूर्व नगरसेविका नम्रता भोसले–जाधव मौके पर पहुंचे और डिज़ास्टर मैनेजमेंट टीम को बुलाया। बच्चे को गंभीर हालत में ठाणे सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी बिगड़ती स्थिति को देखते हुए तत्काल डिप्टी सीएम शिंदे को सूचना दी गई।

### जुपिटर हॉस्पिटल में मिला जीवन रक्षक इलाज

शिंदे के निर्देश पर हमदान को तुरंत जुपिटर हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया। डिप्टी सीएम ने खुद डॉक्टरों को फोन कर बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। समय पर मिली चिकित्सा और डॉक्टरों की मेहनत से हमदान की जान बच गई और उसका निमोनिया भी नियंत्रण में है।

### मानवता सबसे पहले : डीसीएम शिंदे

हमदान के माता–पिता ने डिप्टी सीएम शिंदे के साथ ही विकास रेपाले और नम्रता भोसले–जाधव का आभार जताया कि उनकी वजह से बच्चा नई जिंदगी पा सका। शिंदे ने कहा कि मुश्किल समय में इंसानियत के नाते आगे आना उनका कर्तव्य है और शिवसेना हमेशा लोगों की मदद के लिए खड़ी रहती है।

# दिव्यांग रोजगार मेले का आयोजन

**ओपी यादव । वसई**

दिव्यांग व्यक्तियों को रोजगार और स्वावलंबन के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वसई-विरार शहर महानगरपालिका के दिव्यांग कल्याण विभाग द्वारा "दिव्यांग रोजगार मेला" का आयोजन सोमवार, 24 नवंबर 2025 को सुबह 9:30 बजे वसई-विरार शहर महानगरपालिका मुख्यालय, दूसरा मंज़िल, वाहनतल, विरार (पश्चिम) में किया जा रहा है। कई दिव्यांग युवक-युवतियाँ योग्यता, कौशल और कार्यक्षमता होने के बावजूद उचित मार्गदर्शन और अवसरों की कमी के कारण रोजगार से वंचित रह जाते हैं। यह पहल उन्हें उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। महानगरपालिका ने अपने क्षेत्र के सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे इस दिव्यांग रोजगार मेले में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएँ। यह मेला दिव्यांग नौकरी-प्रार्थियों को उपलब्ध रोजगार अवसरों से जोड़ते हुए उनके आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देगा।

# नागपुर-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस में अब अधिक यात्री कर सकेंगे यात्रा

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

ट्रेन संख्या 20912/20911 नागपुर–इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब यह ट्रेन 24 नवंबर 2025 से 8 कोच की जगह 16 कोच के साथ चलेगी, जिससे यात्रियों को अधिक सीटें उपलब्ध होंगी और यात्रा और सुविधाजनक हो सकेगी।

### वर्तमान 8 कोच की जगह अब 16 कोच के साथ चलेगी ट्रेन

### दोगुनी यात्री क्षमता, अधिक सुविधा

कोच बढ़ने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस की यात्री क्षमता 530 से बढ़कर 1128 हो जाएगी। इससे न सिर्फ सीट उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी और अधिक यात्री इस तेज़, आधुनिक और सुरक्षित ट्रेन का लाभ ले सकेंगे।



### नई कोच संरचना लागू

परिवर्तित रेक में 2 AC एग्जीक्यूटिव क्लास और 14 AC चेयर कार शामिल होंगी। यह नई संरचना नागपुर और इंदौर दोनों दिशाओं में 24.11.2025 से लागू हो जाएगी। उन्नत रेक से संचालन क्षमता भी बढ़ेगी और सेवा प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा।

# सीएसएमटी एक्वा मेट्रो लाइन पर सेवा डेस्क और कला प्रतिष्ठानों का उद्घाटन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

भारतीय डाक ने मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) के सहयोग से शुक्रवार, 21 नवंबर 2025 को सीएसएमटी एक्वा मेट्रो लाइन के स्टेशन पर नया सेवा डेस्क और कला प्रतिष्ठानों का शुभारंभ किया। प्रवेश/निकास द्वार A2/A3 पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र और गोवा सर्कल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह, मुंबई क्षेत्र की डाक सेवाओं की निदेशक कैया अरोड़ा और दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। यह पहल मुंबई मेट्रो नेटवर्क में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और आवश्यक नागरिक-केंद्रित सेवाओं की पहुंच को और सुगम बनाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। स्टेशन परिसर में लगाए गए




कला प्रतिष्ठानों ने भारतीय डाक की विरासत और आधुनिक सेवाओं को आकर्षक और सूचनात्मक ढंग से प्रदर्शित किया।

### सेवा डेस्क में व्यक्तिगत 'माई स्टैम्प' सहित कई सुविधाएँ उपलब्ध

नए समर्पित सेवा डेस्क में यात्रियों के लिए कई उपयोगी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। यहां विस्तारित काउंटर के माध्यम से संवर्धित वास्तविकता (एआर) पोस्टकार्ड, डाक टिकट संग्रह–थीम वाले कोस्टर, पानी की बोतलें, टोट बैग और अन्य संग्रहणीय सहायक सामग्री उपलब्ध है। इसके साथ ही यात्रियों को भारतीय डाक द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं की पूरी जानकारी भी दी जा रही है। स्टेशन पर स्थापित खास "माई स्टैम्प" काउंटर नागरिकों को अपनी तस्वीरों वाले व्यक्तिगत डाक टिकट बनाने का अनूठा अवसर देता है।

# बहु-विशिष्ट स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता । सोलापुर**

मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल ने 21 नवंबर 2025 को पंढरपुर स्थित पॉलीक्लिनिक अस्पताल में एक बहु-विशिष्ट स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया। यह शिविर सोलापुर मंडल के चिकित्सा विभाग और पॉलीक्लिनिक पंढरपुर द्वारा लाइफलाइन मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल एवं महलैब के सहयोग से आयोजित किया गया।



### कर्मचारियों और परिजनों के लिए व्यापक सेवाएँ

शिविर में रेलवे कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके आश्रितों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कुल 110 लाभार्थियों ने रक्त जांच, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, वजन व महत्वपूर्ण अंगों का मूल्यांकन, यादृच्छिक रक्त शर्करा जाँच, रक्तचाप की निगरानी और ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ उठाया। साथ ही चिकित्सक, हड्डी रोग, नेत्र एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श भी उपलब्ध कराया गया।

### चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने संभाली जिम्मेदारी

यह शिविर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. मंजूनाथ और अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (एसीएमएस) डॉ. कृष्ण चांडक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित चिकित्सा टीम में चिकित्सक डॉ. मंजूनाथ, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रतन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. देवीलाल और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. भावना शामिल थे। उनकी विशेषज्ञता ने सुनिश्चित किया कि प्रत्येक प्रतिभागी को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल मिल सके। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन मुख्य नर्सिंग अधीक्षक राहुल गम्बारे ने किया।

### टीम का महत्वपूर्ण योगदान

शिविर की सुचारू व्यवस्था के लिए मुख्य फार्मासिस्ट किरण कदम, डॉ. भावना और पॉलीक्लिनिक पंढरपुर के वरिष्ठ नर्सिंग अधीक्षक अजय कृष्णन का समन्वय उल्लेखनीय रहा। उनकी मेहनत और कुशल योजना ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के समापन पर उपस्थित लोगों ने इसकी व्यापक रूप से सराहना की। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. मंजूनाथ ने योग, व्यायाम और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर व्याख्यान भी दिया।

# राजनीति के मैदान में तक्षशिल का आगाज

**विनय दूबे । भाईंदर**

भाईंदर शहर के भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता के ज्येष्ठ पुत्र तक्षशिल मेहता ने भाजपा की शहर इकाई मीरा भाईंदर भाजपा जिला विद्यार्थी सेल के अध्यक्ष के तौर पर अपनी राजनीतिक पारी का दमदार आगाज किया है। उनके नेतृत्व में कई छात्रों ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया है, जो पार्टी के लिए एक सकारात्मक संकेत है। 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के समय से ही राजनीतिक गलियारों में तक्षशिल के प्रवेश के कयास लगाए जा रहे थे। उनकी सक्रियता और समर्पण ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया था,जिससे उनके राजनीतिक भविष्य के बारे में चर्चा शुरू हो गई थी। तक्षशिल मेहता की राजनीतिक पारी की शुरुआत से यह उम्मीद की जा रही है कि वे पार्टी के लिए नए विचार और ऊर्जा लाएंगे।



### देशहित में खुद को समर्पित कर देना ही देशभक्ति : तक्षशिल

विद्यार्थी सेल के नवनियुक्त अध्यक्ष तक्षशिल मेहता ने कहा कि विद्यार्थियों का यह कर्तव्य है कि वे न केवल अपनी शिक्षा पूरी करें, बल्कि अपने व्यवहार में सज्जनता और देश और राज्य के प्रति कर्तव्य की भावना रखें। राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनें। महान नेताओं और महापुरुषों के आदर्शों का अनुसरण कर देशहित में खुद को समर्पित कर देना ही देशभक्ति है। स्थानीय उद्योगपति चंद्रकांत दूबे ने अपना मत प्रकट करते हुए कहा कि तक्षशिल मेहता की इस नई भूमिका से शहर में एक नए युवा नेतृत्व की शुरुआत हो रही है,पढे लिखे युवा वर्ग ही राजनीति में बदलाव की धुरी बन सकते है,नई सोच और ऊर्जा के साथ देश और शहर के विकास में अहम भूमिका निभा सकते है।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्ययवृद्धि होगी। तनाव रहेगा। अपरिचितों पर विश्वास न करें। प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए। रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। धैर्य एवं संयम बना रहेगा।

**वृष** कोर्ट–कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा–पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। झंझटों में न पड़ें। उधार दिया धन मिलने से राहत हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएँ।

**मिथुन** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम न लें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी। प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक चिंताएँ दूर होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क** भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। शत्रु भय रहेगा। निवेश व नौकरी लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएँ बनेंगी। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। लाभदायक समाचार मिलेंगे।

**सिंह** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शोक समाचार मिल सकता है। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**कन्या** अतिथियों का आवागमन रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नई योजनाओं की शुरुआत होगी। संतान की प्रगति संभव है। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। पूर्व कर्म फलीभूत होंगे। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा।

**तुला** चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से हानि होगी। अपने काम से काम रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएँगे।

**वृश्चिक** राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएँ बनेंगी।

**धनु** रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**मकर** दिन प्रेमभरा गुजरेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी। धन प्राप्ति के योग हैं। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएँगे।

**कुंभ** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

**मीन** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान–सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता बढ़ेगी। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा।


# जन्मकुंडली में प्रथम भाव-स्वयं को जानने का मार्ग

जन्म कुंडली में प्रथम भाव यानि लग्न का विशेष महत्व है। हिन्दू ज्योतिष शास्त्र की उत्पत्ति ऋग्वेद से हुई है, इसलिए इसे वैदिक ज्योतिष कहा गया है। भारतीय ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जन्म कुंडली में कुल 12 भाव होते हैं और हर भाव की अपनी विशेषताएँ और महत्व होता है। इनमें प्रथम भाव को इसलिए महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि यह मनुष्य के व्यक्तित्व, स्वभाव, आयु, यश, सुख और मान-सम्मान आदि बातों का बोध कराता है।

प्रथम भाव को लग्न या तनु भाव




प्रियंका जैन
9769994439




भी कहा जाता है। हर व्यक्ति के जीवन का संपूर्ण दर्शन लग्न भाव पर निर्भर करता है।

प्रथम भाव का कारक सूर्य को कहा जाता है। इस भाव से व्यक्ति की शारीरिक संरचना, रुप, रंग, ज्ञान, स्वभाव, बाल्यावस्था और आयु आदि का विचार किया जाता है।

प्रथम भाव के स्वामी को लग्नेश कहा जाता है। लग्न भाव का स्वामी अगर क्रूर ग्रह भी हो तो, वह भी अच्छा फल देता है।

शारीरिक संरचनाः प्रथम भाव से व्यक्ति की शारीरिक बनावट और कद-काठी के बारे में पता चलता है। यदि प्रथम भाव पर जलीय ग्रहों का प्रभाव अधिक होता है तो व्यक्ति मोटा होता है। अगर शुष्क ग्रहों और राशियों का संबंध लग्न पर अधिक रहता है तो जातक दुबला होता है।

स्वभावः किसी भी व्यक्ति के स्वभाव को समझने के लिए लग्न का बहुत महत्व है। लग्न मनुष्य के विचारों की शक्ति को दर्शाता है। यदि चतुर्थ भाव, चतुर्थ भाव का स्वामी, चंद्रमा, लग्न व लग्न भाव के स्वामी पर शुभ ग्रहों का प्रभाव होता है तो व्यक्ति दयालु और सरल स्वभाव वाला होता है। इसके विपरीत अशुभ ग्रहों के प्रभाव से व्यक्ति क्रूर प्रवृत्ति का होता है।

आयु और स्वास्थ्यः प्रथम भाव व्यक्ति की आयु और सेहत को दर्शाता है। वैदिक ज्योतिष के अनुसार जब लग्न, लग्न भाव के स्वामी के साथ-साथ सूर्य, चंद्रमा, शनि और तृतीय व अष्टम भाव और इनके स्वामी मजबूत हों तो, व्यक्ति को दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। वहीं यदि इन घटकों पर क्रूर ग्रहों का प्रभाव हो या कमजोर हों, तो यह स्थिति व्यक्ति की अल्पायु को दर्शाती है।

बाल्यकालः प्रथम भाव से व्यक्ति के बचपन का बोध भी होता है। यदि लग्न के साथ लग्न भाव के स्वामी और चंद्रमा पर अशुभ ग्रहों का प्रभाव हो, तो व्यक्ति को बाल्यकाल में शारीरिक कष्ट उठाने पड़ते हैं। शुभ ग्रहों के प्रभाव से बाल्यावस्था अच्छे से व्यतीत होती है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बिना अनुमति विदेशी मेहमानों को दिया कमरा, केस दर्ज

**वाराणसी।** शहर के भेलूपुर थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में बिना आवश्यक अनुमति विदेशी पर्यटकों को ठहराने का मामला सामने आया है। नियमों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने होटल के संचालक और मैनेजर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। दुर्गाकुंड चौकी प्रभारी विकास कुमार मिश्रा द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, होटल दयाल टावर में बीएचयू के प्रोफेसर विनोद कुमार तिवारी ने 20 कमरे बुक कराए थे। 20 नवंबर को अलग-अलग समय पर पहुंचे मेहमानों में 10 विदेशी नागरिक भी शामिल थे। होटल प्रबंधन ने नियमों के तहत अनिवार्य फॉर्म-सी भरने और स्थानीय थाने को सूचना देने की प्रक्रिया का पालन नहीं किया। एलआईयू और आईबी से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने होटल में जांच की। इस दौरान विदेशी नागरिकों के पासपोर्ट रिसेप्शन पर पाए गए और रजिस्टर में उनकी एंट्री तो थी, लेकिन संबंधित अनुमति नहीं ली गई थी। पूछताछ में मैनेजर नितेश सिंह ने बताया कि परमिशन हेतु आवेदन किया जा चुका है, जबकि होटल मालिक राजीव सिंह मौके पर मौजूद नहीं थे। नियमों के उल्लंघन को देखते हुए होटल मालिक और मैनेजर दोनों के खिलाफ भेलूपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### DSP की सुरक्षा दल का चार सिपाही गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** पूर्वी चंपारण के अरेराज डीएसपी की सुरक्षा में तैनात दो बॉडीगार्ड और संग्रामपुर थाने के दो सिपाहियों को छापेमारी के दौरान चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान बरामद की गई राशि में से 3 लाख रुपये गायब पाए, जिसके बाद जांच में चारों जवानों की संलिप्तता उजागर हुई। यह छापेमारी 19 लाख रुपये की लूट मामले की जांच के तहत मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज क्षेत्र में की गई थी। पूछताछ में चारों पुलिसकर्मियों ने चोरी की बात स्वीकार कर ली। सभी के पास से 3 लाख रुपये भी बरामद कर लिए गए हैं। चारों आरोपी सिपाहियों पर मामला दर्ज करते हुए उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के लिए कोर्ट भेजा जा रहा है।

### जौनपुर में परीक्षा केंद्रों का सत्यापन अधूरा

**जौनपुर।** जौनपुर जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों का भौतिक सत्यापन तय समय पर पूरा नहीं हो सका है। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 17 नवंबर की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन उसके बाद भी 150 स्कूलों की जांच लंबित है। जिले के कुल 661 विद्यालयों का सत्यापन होना था, जिनके लिए छह तहसीलों में एसडीएम की अध्यक्षता में समितियाँ बनाई गई थीं। अब तक 511 विद्यालयों की जांच पूरी कर रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) को भेजी जा चुकी है। इन विद्यालयों का विवरण परिषद की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि समितियों को निर्धारित तिथि तक रिपोर्ट देने के निर्देश थे, लेकिन कुछ क्षेत्रों में कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाया। जैसे ही शेष तहसीलों की रिपोर्ट प्राप्त होगी, उन्हें भी वेबसाइट पर 24 नवंबर से पहले अपलोड कर दिया जाएगा। जिले में सत्यापन कार्य में देरी के कारण परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिसे जल्द पूरा करने के लिए विभागीय स्तर पर प्रयास तेज किए गए हैं।

# तौकीर के करीबी के निर्माण पर चला बुलडोजर

एजेंसी | बरेली




26 सितंबर के दंगे के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रज़ा के करीबी माने जाने वाले आरिफ के खिलाफ शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। बीडीए की टीम ने पीलीभीत बाईपास और जगतपुर स्थित उसकी दो बहुमूल्य परिसंपत्तियों पर बुलडोज़र चलाकर ध्वस्तीकरण शुरू किया। कार्रवाई की खबर मिलते ही आसपास का इलाका पुलिस बल की मौजूदगी के कारण छावनी में बदल गया। सुबह करीब 11 बजे बीडीए की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुँची। संभावित तनाव को देखते हुए सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। स्थानीय लोग दूर से पूरी कार्रवाई को देखते रहे।

### बिना नक्शे के बनाया शोरूम

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए. मनिकंडन ने बताया कि आरिफ ने बिना अनुमोदित नक्शे के जगतपुर बाजार और पीलीभीत बाईपास पर स्थित पीटर इंग्लैंड शोरूम समेत कई दुकानों, जिम और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निर्माण कराया था। जाँच में अवैध निर्माण की पुष्टि होने पर बीडीए ने 11 अक्टूबर को दोनों स्थानों को सील कर दिया था।

### 15 दुकानों पर भी हुई कार्रवाई

शनिवार की कार्रवाई के दौरान लगभग 15 दुकानों और दो बड़े शोरूम पर बुलडोज़र चलाया गया। ज्ञात हो कि आरिफ की कई और संपत्तियाँ पहले ही प्रशासन की निगरानी में हैं। फहम लॉन, स्काई लार्क होटल और फ्लोरा गार्डन बारातघर पहले ही सील किए जा चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, आने वाले दिनों में उसकी अन्य संपत्तियों पर भी कार्रवाई की संभावना बनी हुई है।

# महाकुंभ की तरह हो रहीं माघ मेले की तैयारियां

एजेंसी | प्रयागराज

विश्व प्रसिद्ध उत्तर प्रदेश के प्रयागराज त्रिवेणी तट पर प्रत्येक वर्ष लगने वाले माघ मेले की तैयारियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जायजा लिया। उन्होंने मेला की तैयारियों को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज के संगम तट पर लगने वाले माघ मेला का भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया और जिम्मेदार अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि यूपी सरकार ने गंगा पूजा और बड़े हनुमान जी मंदिर जाकर माघ मेले की तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रयागराज मेला अथॉरिटी



को महाकुंभ जैसे बड़े इवेंट्स को मैनेज करने का अनुभव है। 2026 के माघ मेले की तैयारी 2024 के मुकाबले बड़े स्तर पर करने की चल रही है। हमारा मकसद उच्च स्तरीय सुविधाएं, खासकर पांटून ब्रिज देना है। सीएम योगी ने कहा कि इस बार मेला 3 जनवरी (पौष पूर्णिमा) को शुरू होगा। इस दौरान 15 जनवरी, 23 जनवरी, 1 फरवरी और 15 फरवरी को मुख्य स्नान की तरीखें हैं। इस माघ मेला की शुरूआत 3 जनवरी से 1 फरवरी 226 के बीच बड़ी संख्या में कल्पवासियों के आने की उम्मीद है।

# दालमंडी में ध्वस्तीकरण की रफ्तार तेज

एजेंसी | वाराणसी

दालमंडी क्षेत्र में शनिवार को प्रशासन ने बुलडोजर के साथ कार्रवाई तेज करते हुए एक और मकान ढहा दिया। यह छठा ढांचा है जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा मुआवजा प्रक्रिया पूरी होने के बाद हटाया गया है। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में पुलिस तैनात रही और दोनों ओर बैरिकेडिंग की गई। इस बीच, चौक थाना पुलिस द्वारा शुक्रवार की शाम इमरान अहमद की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय लोगों में तनाव और बेचैनी साफ दिखाई दी। हालांकि, शनिवार सुबह ध्वस्तीकरण के दौरान किसी ने भी मशीनों के सामने आकर आपत्ति नहीं जताई। इधर, समाजवादी पार्टी ने इस कार्रवाई पर कड़ा एतराज जताया है। पार्टी प्रवक्ता मनोज यादव का कहना है कि दालमंडी के मौजूदा स्वरूप में बदलाव से वाराणसी की पुरानी पहचान को चोट पहुंच रही है और स्थानीय दुकानदारों की आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा।

# मां शारदा मंदिर विवाद पर सत्य की जीत

पुजारियों की पारदर्शिता और परंपरा ने जीता भक्तों का विश्वास

एजेंसी | मैहर



मां शारदा धाम में हाल ही में वायरल हुए पत्र से फैला भ्रम अब पूरी तरह खत्म हो गया है। ताज़ा प्रमाणों और पुजारियों द्वारा प्रशासन को दिए गए दस्तावेज़ों ने स्पष्ट कर दिया कि जबलपुर से आए भक्त द्वारा चढ़ाए गए चांदी–सोने के श्रृंगार को परंपरा के अनुसार छठी तक मां को सजाकर रखा गया और निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद विधिवत मंदिर समिति में जमा कर दिया गया। इससे साबित हुआ कि मंदिर की व्यवस्था पारदर्शी है और वायरल पत्र केवल अफवाह थी।

### परंपरा और आस्था सर्वोपरि, प्रशासन से सतर्कता की अपील

सत्य सामने आने के बाद यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया कि मां शारदा धाम के पुजारी न केवल परंपरा और धार्मिक नियमों के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं, बल्कि मंदिर की हर वस्तु और व्यवस्था की सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। जांच में यह बात सामने आई कि पुजारी नियमित रूप से सभी आवश्यक विवरणों और परिवर्तन की नकारी प्रशासन को समय पर उपलब्ध कराते हैं, ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी या अव्यवस्था न हो। उनके द्वारा निभाई जा रही जिम्मेदारी और अनुशासन मंदिर प्रशासन के प्रति उनकी निष्ठा का प्रमाण हैं। मंदिर समिति ने भी कहा है कि ऐसे मामलों में बिना पूरी जांच–पड़ताल और तथ्यात्मक जानकारी के किसी भी बात को सार्वजनिक करना न केवल भ्रम पैदा करता है, बल्कि धार्मिक स्थल की पवित्रता और प्रतिष्ठा पर भी अनावश्यक प्रश्नचिह्न लगाता है।

# बेगूसराय: कुख्यात अपराधी शिवदत्त राय गिरफ्तार





एजेंसी | पटना

बिहार एसटीएफ और बेगूसराय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जिले के साहेबपुर कमाल क्षेत्र से कुख्यात अपराधी शिवदत्त राय को मंगलवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके पास से अवैध हथियार और गोला–बारूद बरामद किया है। पूरे मामले की पुष्टि पटना पुलिस मुख्यालय ने की है। सूचना मिलने पर एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की एक टीम ने इलाके में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में शिवदत्त राय घायल हो गया और पकड़ा गया। उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिवदत्त की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने साहेबपुर कमाल स्थित अमित कुमार गुप्ता के घर पर छापा मारा, जहां से एक सक्रिय मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ। यहां अवैध हथियारों के निर्माण और सप्लाई का काम चल रहा था। बरामदगी में सात देसी पिस्टल, एक अर्द्धनिर्मित पिस्टल, सात मैगजीन, 3,70,000 नकद, 970 बोतल अवैध कफ सिरप, कार्बाइन, कारतूस और हथियार बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस ने पूरे मामले में साहेबपुर कमाल थाना में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# कंबोडिया में बंधक बनाए गए युवक की सुरक्षित वापसी

एजेंसी | बागपत

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखे का शिकार हुए बागपत के युवक विकास राणा को कंबोडिया से सफलतापूर्वक छुड़ाकर स्वदेश वापस लाया गया है। युवक को साइबर गिरोह ने वहां बंधक बनाकर रखा था और उसका पासपोर्ट व बैंक कार्ड कब्जे में लेकर फर्जी लेनदेन कर रहे थे। घटना का पता तब चला जब पीड़ित की पत्नी ने एसपी बागपत सूरज कुमार राय से मिलकर पूरी जानकारी दी और मदद की गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने इसे साइबर सेल को सौंपा और लखनऊ साइबर सेल के साथ-साथ विदेश मंत्रालय से भी संपर्क स्थापित किया। लगातार समन्वय के बाद गृह मंत्रालय के I4C केंद्र और कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास की मदद से विकास राणा को मुक्त कर भारत लाया गया। घर पहुंचने पर परिवार में खुशी का माहौल है। पीड़ित की पत्नी ने बागपत पुलिस के सहयोग के लिए आभार जताया।

# 2027 में भी एनडीए की प्रचंड जीत तय: अपर्णा यादव



एजेंसी | अमेठी

अमेठी में आयोजित "रन फॉर यूनिटी" कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा और एनडीए गठबंधन को भारी बहुमत मिलने की संभावना है। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने बिहार की तरह अन्य राज्यों में भी एनडीए की जीत को तय बताया। अपर्णा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" का मंत्र देश के विकास को नई दिशा दे रहा है।

### रामलीला से शुरू हुई पदयात्रा

रामलीला मैदान से शुरू हुई यह पदयात्रा गांधी चौक और अंबेडकर तिराहा होते हुए पुन: रामलीला मैदान पर समाप्त हुई, जिसमें लोगों का उत्साह देखने लायक था। जेसीबी मशीनों से की गई पुष्पवर्षा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बनी। स्कूली बच्चों ने तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के नारों से वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में आयोजित सभा में मुख्य अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया।

## व्यापार जगत

# कॉरपोरेट प्रशासन और स्वतंत्र निदेशक के लिए प्रशिक्षित किए गए अफसर

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (IICA) और रक्षा मंत्रालय के पुनर्वास महानिदेशालय (DGR) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कॉरपोरेट गवर्नेंस निदेशक प्रमाणन कार्यक्रम के तीसरे बैच का समापन 21 नवंबर को गुरुग्राम के मानेसर स्थित IICA परिसर में हुआ। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, दो सप्ताह चले इस विशेष प्रशिक्षण में तीनों सेनाओं से आए 30 वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इनमें सेवा में मौजूद अधिकारियों के साथ-साथ हाल ही में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी भी शामिल थे।

### 90 से अधिक अफसर हुए प्रशिक्षित



अगस्त 2024 से अब तक आयोजित तीन बैचों के माध्यम से कुल 90 रक्षा अधिकारियों को कॉरपोरेट गवर्नेंस के सिद्धांतों, नियामक ढांचे और बोर्ड नेतृत्व के बारे में विस्तृत ज्ञान दिया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान 35 विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिनमें निम्न विषयों को शामिल किया गया। इसमें कॉरपोरेट गवर्नेंस के ढांचे और नियम, वित्तीय प्रबंधन एवं ऑडिट समिति की भूमिका, एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट, CSR और सतत शासन, कंपनी अधिनियम 2013 और SEBI LODR विनियमों की प्रमुख धाराएं और स्वतंत्र निदेशकों की जिम्मेदारियाँ और बोर्ड की प्रभावशीलता शामिल है। यह दो सप्ताह का गहन प्रशिक्षण रक्षा अधिकारियों को कॉरपोरेट बोर्डों की कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियों और नियामक आवश्यकताओं से अच्छी तरह परिचित कर उन्हें सार्वजनिक एवं निजी कंपनियों में निदेशक पदों पर प्रभावी भूमिका निभाने के लिए तैयार करने हेतु तैयार किया गया था।

# IDBI बैंक के निजीकरण पर फिर तेज हुई चर्चा

एजेंसी | नई दिल्ली

IDBI बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया एक बार फिर सुर्खियों में है। नई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि ओकट्री कैपिटल और फेयरफैक्स के साथ अब कोटक महिंद्रा बैंक ने भी बैंक में हिस्सेदारी खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, कोटक महिंद्रा बैंक की ओर से इस संबंध में न तो पुष्टि की गई है और न ही किसी प्रकार का खंडन जारी किया गया है। रिपोर्टों के अनुसार, निवेशकों की सबसे बड़ी चुनौती IDBI बैंक का विशाल बाजार पूंजीकरण है। करीब 1 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप वाली इस इकाई में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदना किसी भी निवेशक के लिए आसान नहीं होगा। फिर भी, चर्चा है कि कोटक महिंद्रा बैंक जरूरत पड़ने पर इक्विटी और नकद—दोनों के मिश्रित मॉडल के जरिए सौदे की संभावनाएं तलाश सकता है। सरकार इससे पहले संकेत दे चुकी है कि वह वित्त वर्ष 2026 से पहले IDBI बैंक के निजीकरण को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रही है।




### हिस्सेदारी का ब्योरा

हिस्सेदारी की बात करें तो केंद्र सरकार के पास 45.48% और एलआईसी के पास 49.24% है। दीपम (निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग) को कुल 61% हिस्सेदारी बेचने की जिम्मेदारी दी गई है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट का दावा है कि भारत सरकार ने हिस्सेदारी बिक्री की तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं और अक्टूबर–दिसंबर तिमाही के बीच बोली प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। विनिवेश सचिव ने भी संकेत दिया है कि बोली आमंत्रण जल्द ही जारी किया जा सकता है। बता दें, एलआईसी को 2019 में बैंक का नियंत्रण लेने के बाद प्रवर्तक की श्रेणी में रखा गया था, लेकिन हालिया पुनर्वर्गीकरण के बाद एलआईसी की भूमिका केवल वित्तीय निवेशक तक सीमित हो गई है और उसके बोर्ड प्रतिनिधित्व संबंधी अधिकार समाप्त हो चुके हैं।

# RBI ने रेपो रेट को स्थिर रखा

एजेंसी | नई दिल्ली

हाल ही में आयोजित मौद्रिक नीति समीक्षा में, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने अपनी नीति रेपो रेट को 5.5% पर ज्यों का त्यों बरकरार रखने का फैसला किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि केंद्रीय बैंक वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में अधिक कटौती करने में संतुलन बनाए रखना चाहता है। इसके साथ ही, बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति (इनफ्लेशन) का अनुमान 2.6% तक कम कर दिया है, जो पिछले पूर्वानुमान की तुलना में काफी अधिक सकारात्मक संकेत है। लेकिन सिर्फ मुद्रास्फीति में कमी का संकेत ही नहीं है RBI ने अपनी जीडीपी विकास दर की भविष्यवाणी भी 6.8% तक बढ़ाई है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आर्थिक गतिविधियाँ फिर से मजबूत हो रही हैं। The Times of India+1 इस कदम से यह प्रतीत होता है कि बैंक यह मानता है कि मौजूदा नीतिगत दर में कटौती का पूरा लाभ अभी आर्थिक प्रणाली में नहीं पहुंचा है, और इसलिए उसने फिलहाल रेट में स्थिरता बनाए रखी है। RBI की इस नीति के पीछे एक जटिल दुविधा है दरों को कम करने की गुंजाइश है, लेकिन साथ ही भविष्य में ग्लोबल व्यापार तनाव और शुल्क (टैरिफ) जोखिमों को लेकर भी सतर्क रहने की जरूरत है।

# PMI और यूएस व्यापार संकेतों से बाजार में उम्मीद बढ़ी

एजेंसी | नई दिल्ली

PMI (मानव पूंजी और उत्पादन संकेतक) रिपोर्ट और भारत-यू.एस. के बीच जारी व्यापार वार्ता ने घरेलू शेयर बाजार में फिर से उत्साह का संचार किया है। विश्लेषकों का कहना है कि इन सकारात्मक आर्थिक संकेतों ने निवेशकों के विश्वास को मजबूती दी है, जिससे मार्केट की दिशा तय करने में यह एक अहम कारक बन गया है। बाजार की चाल पर यह कहना है कि अगर दोनों मोर्चों पर परिस्थितियाँ अनुकूल बनी रहीं, तो भारतीय शेयर बाजार अगले कुछ हफ्तों में और तेजी दिखा सकता है। विश्लेषकों का यह भी मानना है कि अमेरिकी व्यापार वार्ता में प्रगति न सिर्फ निर्यातकों के लिए फायदेमंद हो सकती है, बल्कि भारतीय कंपनियों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बेहतर अवसर भी मिल सकते हैं। इससे विदेशी निवेशकों का भारत पर भरोसा बढ़ेगा और उन्हें यहाँ निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा।

# रफ हीरों की नीलामी अब दुबई नहीं सूरत में

एजेंसी | सूरत

अमेरिका द्वारा भारतीय व्यापार पर लगाए गए टैरिफ के बाद वैश्विक स्तर पर हीरा उद्योग को नई गति देने के लिए द सूरत चैंबर ऑफ कॉमर्स ने अहम पहल की है। संगठन की बोस्वाना सरकार और निजी हीरा कंपनियों के साथ हुई उच्चस्तरीय बातचीत के बाद यह सहमति बनी है कि अब बोस्वाना में निकाले जाने वाले रफ हीरों की नीलामी सीधे सूरत डायमंड बर्स में आयोजित की जाएगी। अब तक बोस्वाना के करीब 70 प्रतिशत रफ हीरों की नीलामी दुबई में होती थी, लेकिन नई सहमति के बाद कंपनियां नीलामी के लिए सूरत का रुख करेंगी। इससे स्थानीय व्यापारियों को विदेश जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाले हीरे उन्हें यहीं उपलब्ध हो सकेंगे। द सूरत चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमुख निखिल मद्रासी ने बताया कि 18



सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बोस्वाना के राष्ट्रपति से मुलाकात की, जहां भारतीय पक्ष की बातों को गंभीरता से सुना गया। इसके परिणामस्वरूप नीलामी सूरत में कराने का फैसला हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि बोस्वाना के राष्ट्रपति जनवरी में सूरत दौरे पर आ सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने सोलर ऊर्जा, कोयला और कपड़ा व्यापार पर भी चर्चा की। यदि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता होता है, तो सूरत का कपड़ा उद्योग भी नए बाजार पा सकता है।

# अमेरिकी अदालत का बड़ा आदेश, Byju's के संस्थापक बायजू रवींद्रन को लगी चपत

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय एडटेक कंपनी Byju's और उसके कर्जदाताओं के बीच जारी विवाद एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिका की एक दिवालियापन अदालत (US Bankruptcy Court) ने कंपनी के संस्थापक बायजू रवींद्रन के खिलाफ डिफॉल्ट जजमेंट जारी करते हुए उन्हें 1 अरब डॉलर से भी अधिक की राशि चुकाने का आदेश दिया है। यह फैसला लेंडर्स द्वारा 2021 में दिए गए 1.2 अरब डॉलर के टर्म लोन से जुड़ी रकम के उपयोग की जांच में रवींद्रन के कथित असहयोग के चलते दिया गया। डेलावेयर कोर्ट के अनुसार, दुबई में रह रहे रवींद्रन लगातार सुनवाई से अनुपस्थित रहे और अदालत के आदेशों के अनुरूप दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए।

### अदालत ने मांगा पूरा वित्तीय ब्योरा




न्यायाधीश ब्रेंडन शैनन ने आदेश दिया कि रवींद्रन को अल्फा फंड्स और उससे जुड़े सौदों से हुई किसी भी आय का "संपूर्ण और सटीक विवरण" अदालत के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। न्यायाधीश ने कहा कि लगातार देरी, अधूरी फाइलिंग और पेशी से बचने जैसे व्यवहार ने कठोर आदेश को अनिवार्य बना दिया। इस साल की शुरुआत में ही Byju's के कर्जदाताओं ने रवींद्रन, उनकी पत्नी और एक अन्य सहयोगी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने कथित रूप से 533 मिलियन डॉलर की लोन राशि हड़पने की साज़िश रची। कंपनी के संस्थापकों ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया था।

# ट्रैविस हेड की सेंचुरी से इंग्लैंड टीम हुई तबाह

- ऑस्ट्रेलिया ने दो दिन में जीता पहला एशेज टेस्ट
- 100 साल में पहली बार दो दिन में खत्म हुआ एशेज टेस्ट
- 20वीं सदी से अब तक सबसे कम गेंदों पर निकला नतीजा

**दो दिन के अंदर खत्म होने वाले एशेज टेस्ट**

| | |
|---|---|
| लॉर्ड्स | 1888 |
| द ओवल | 1888 |
| मैनचेस्टर | 1888 |
| द ओवल | 1890 |
| नॉटिंघम | 1921 |
| पर्थ | 2025 |

एजेंसी । पर्थ

ऑस्ट्रेलिया वर्सेस इंग्लैंड पहला एशेज टेस्ट का सिर्फ दो दिन में रिजल्ट निकल आया। मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार पर्थ में आठ विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की। विकेटों के पतझड़ के बीच टैविस हेड की तूफानी सेंचुरी से इंग्लैंड टीम तबाह हुई। ऑस्ट्रेलिया ने 205 रनों का टारगेट 28.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर चेज किया। बतौर ओपनर उतरे हेड ने 83 गेंदों में 123 रन बनाए। उन्होंने 16 चौके और चार छक्के मारे। हेड ने 69 गेंदों में अपना दसवां टेस्ट शतक कंप्लीट किया था। यह टेस्ट इतिहास का संयुक्त रूप से पांचवां सबसे तेज शतक है।

## अच्छी रही ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही। हेड और जेक वेदराल्ड (34 गेंदों में 23) ने पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़े। ब्रायडन कार्से ने 12वें ओवर में वेदराल्ड का शिकार किया। इसके बाद, हेड ने मार्नस लाबुशेन के संग दूसरे विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी कर इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कार्से ने 27वें ओवर में हेड को आउट किया। लाबुशेन 49 गेंदों में 51 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसमें छह चौके और एक सिक्स शामिल है। कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ चार गेंदों में नाबाद दो रन जुटाए।



## 16 चौके, 4 छक्के...
## हेड ने अकेले उड़ा दी इंग्लैंड के बैजबॉल की हवा

**पर्थ।** पर्थ में खेले गए एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में ट्रेविस हेड ने ऐसा प्रदर्शन किया जिसे आने वाले कई वर्षों तक याद रखा जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ महज दो दिन में खत्म हुए इस मुकाबले में हेड ने 83 गेंदों में 123 रनों की तूफानी पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से बड़ी जीत दिलाई। यह सिर्फ एक पारी नहीं थी, बल्कि रणनीति, मानसिक मजबूती और मौके को भुनाने का परफेक्ट कॉम्बिनेशन थी।

### पर्थ मास्टरस्ट्रोक: ओपनिंग पर भेजा और हेड ने बना डाला इतिहास

ऑस्ट्रेलिया टीम मैनेजमेंट का फैसला मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ। नियमित ओपनर उस्मान ख्वाजा पीठ में खिंचाव की वजह से वह दोनों पारियों में ओपनिंग बल्लेबाजी करने नहीं आए। पहली पारी में तो ख्वाजा की जगह जेक वेदराल्ड के साथ मार्नस लाबुशेन ओपनिंग उतरे और सिर्फ नौ रन बना सके थे। हालांकि, दूसरी पारी में टीम मैनेजमेंट ने हेड को वेदराल्ड के साथ भेजा और इस फैसले ने ऑस्ट्रेलिया की किस्मत पलट कर रख दी। पहली पारी के बाद बैकफुट पर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को हेड ने अपने दम पर मैच जिताया।

### एशेज इतिहास की दूसरी सबसे तेज सेंचुरी

हेड ने बल्लेबाजी को ऐसे मोड में बदल दिया कि इंग्लैंड के बॉलर्स पूरी तरह बैकफुट पर चले गए। उन्होंने 36 गेंद पर 50 रन पूरे किए और फिर 69 गेंद पर टेस्ट करियर का 10वां शतक जड़ दिया। यह एशेज में दूसरी सबसे तेज सेंचुरी रही। उनसे तेज शतक सिर्फ महान एडम गिलक्रिस्ट ने बनाया था, जिन्होंने इसी मैदान पर 2006-07 एशेज में 57 गेंदों में शतक जड़ा था। वहीं, टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में किसी ओपनर द्वारा संयुक्त रूप से सबसे तेज शतक रहा। यह चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक का सबसे तेज शतक भी है।

### ट्रेविस हेड ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया में ओपनिंग की

इस मैच में एक अहम बात यह रही कि ट्रेविस हेड ओवरऑल टेस्ट में 10वीं बार और ऑस्ट्रेलिया में यानी अपने देश में पहली बार ओपनिंग के लिए आए। पहली बार उन्होंने यह भूमिका ऑस्ट्रेलियाई धरती पर निभाई है और क्या खूब निभाई है। बतौर ओपनर अपनी सरमजीं पर उन्होंने तहलका मचाते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत दिलाई।

### पहले दिन 19, दूसरे दिन 13 विकेट गिरे

पर्थ टेस्ट के पहले दिन 19 जबकि दूसरे दिन आज 13 विकेट गिरे। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने कुल 10 विकेट अपने नाम किए। स्टार्क ने पहली पारी में सात और दूसरी पारी में तीन शिकार किए। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 34.4 ओवरों में 164 रन पर समेटा। वहीं, मेहमान टीम ने पहली पारी में 172 रन बनाने के बाद 40 रनों की बढ़त हासिल की थी लेकिन लेकिन दूसरी पारी में उसके बल्लेबाजों के समर्पण से उसे हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 132 रनों पर ढेर हुई थी।

### एशेज में बना हैरतअंगेज इतिहास

प्रतिद्वंदी ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज को एशेज कहा जाता है। यह प्रतिद्वंद्विता 125 सालों से भी अधिक पुरानी है। मौजूदा एशेज में पर्थ टेस्ट के दो दिन में खत्म होने पर एक हैरतअंगेज इतिहास बना है। दरअसल, पिछले 100 सालों में पहली बार कोई भी एशेज टेस्ट दो दिनों के भीतर समाप्त हुआ है। इससे पहले, साल 1921 में दो दिनों में एशेज मैच खत्म हुआ था, जो नॉटिंघम के मैदान पर में खेला गया। बता दें कि बेन स्टोक्स के कप्तानी संभालने और ब्रेंडन मैकुलम के हेड कोड बनने के बाद इंग्लैंड को छह अटेम्प्ट में पहली बार घर के बाहर टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट में हार का मुंह देखना पड़ा है।

### 20वीं सदी के बाद सबसे छोटा मैच

गेंदों के लिहाज से पर्थ टेस्ट एशेज इतिहास का तीसरा सबसे छोटा मैच है। यह मैच 847 गेंदों में खत्म हो गया। वहीं, 20वीं सदी की शुरुआत के बाद से पर्थ में आयोजित मैच सबसे छोटा एशेज टेस्ट है। इससे पहले, 1895 में सिडनी में हुआ एशेज टेस्ट 911 गेंदों में खत्म हुआ था। गेंदों के लिहाज से सबसे छोटा एशेज मैच साल 1888 में मैनचेस्टर में खेल गया था। तब कुल 788 गेंदें फेंकी गई थीं। 1888 में ही लॉर्ड्स में हुआ मुकाबला 792 गेंदों में समाप्त हो गया था। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया पर्थ स्टेडियम में छह टेस्ट मैचों में दूसरी पारी में बैटिंग करते हुए जीतने वाली पहली टीम है। दूसरा एशेज टेस्ट चार दिसंबर से गाबा में होगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष पर स्थिति मजबूत की

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की एशेज टेस्ट सीरीज का पहला मैच जीतकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में फिलहाल ऑस्ट्रेलिया और मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका की टीमें मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने चार मैच खेले हैं और चारों मैचों में उसे जीत मिली है। ऑस्ट्रेलिया की टीम 48 अंक और 100 पीसीटी के साथ शीर्ष पर मौजूद है। दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका है जिसने अब तक तीन मैचों में दो जीत दर्ज की है, जबकि एक मैच में उसे हार मिली है। दक्षिण अफ्रीका के 24 अंक है और 66.67 पीसीटी है।

## IPL 2026: आठ टीमों के कप्तान तय

**राजस्थान और कोलकाता की घोषणा बाकी**

- 16 दिसंबर को अबू धाबी में होगा मिनी ऑक्शन

एजेंसी । नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की तैयारियां तेज हो चुकी हैं। सभी टीमों ने अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है, जबकि मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में आयोजित होगा। इस बार कोलकाता नाइटराइडर्स के पास सबसे बड़ा पर्स रहने वाला है। ऑक्शन से पहले 10 में से 8 फ्रेंचाइजियों ने अपने कप्तानों के नाम भी पक्के कर दिए हैं।



## दक्षिण अफ्रीका की झोली में गिरा पंत का 'सिक्का'



**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा, क्योंकि इस मैदान ने पहली बार किसी टेस्ट मैच की मेजबानी की। शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण टीम इंडिया की कमान ऋषभ पंत को सौंपी गई और इसी के साथ वह भारत के 38वें टेस्ट कप्तान बन गए। पंत एमएस धोनी के बाद भारत के सिर्फ दूसरे विकेटकीपर-कप्तान हैं। धोनी ने 2008 से 2014 के बीच 60 टेस्ट में टीम की बागडोर संभाली थी। कप्तान बदलने के बाद भी भारत की टॉस से जुड़ी निराशा कम नहीं हुई। पंत ने सिक्का उछाला, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा ने सही कॉल करते हुए टॉस अपने नाम कर लिया।

# बॉलीवुड

## कृति सेनन ने बताया, क्यों 'मुक्ति' बना उनके करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार



हाल ही में 'तेरे इश्क़ में' का ट्रेलर रिलीज़ हुआ और कुछ ही पलों में सोशल मीडिया पर इसका जबरदस्त प्रभाव दिखाई दिया। ए. आर. रहमान के संगीत और तीव्र भावनाओं से सजी इस प्रेमकथा ने दर्शकों पर रिलीज़ से पहले ही गहरा असर छोड़ दिया है। ट्रेलर ने सभी प्लेटफॉर्म्स पर 90.24 मिलियन व्यूज़ का आंकड़ा पार कर चर्चा का केंद्र बना लिया, जिससे साबित होता है कि दर्शक इसकी कहानी और किरदारों से भावनात्मक रूप से जुड़ चुके हैं। फिल्म की चर्चा के बीच कृति सेनन ने अपने किरदार मुक्ति के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि यह भूमिका कई स्तरों पर बेहद जटिल और संवेदनशील है। कृति ने कहा, ₹मुक्ति का ग्राफ बहुत व्यापक है। वह जहां से अपनी यात्रा शुरू करती है और जहां अंत में पहुंचती है, उसके चुनाव, फैसले और जिम्मेदारियां सबमें कई परतें हैं। ऐसे कई भाव हैं जिन्हें शब्दों में नहीं कहा गया, यहां तक कि कई जगह संवाद भी नहीं हैं। सबकुछ आंखों और अभिव्यक्ति से दर्शाना पड़ा। मेरे लिए यह बिल्कुल नया और बेहद चुनौतीपूर्ण रहा।₹


कृति ने खुलासा किया कि फिल्म के भावनात्मक चरम पर आधारित दृश्यों की शूटिंग ने उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से थका दिया। उन्होंने कहा, ₹प्री-क्लाइमैक्स और क्लाइमैक्स के कई सीन बहुत इंटेंस थे और हम उन्हें लगातार 5-6 दिनों तक शूट करते रहे। उन सीन्स में इतनी भावनात्मक और शारीरिक ऊर्जा लगी कि मैं पूरी तरह निढाल हो जाती थी। वैनिटी में भी उसका असर बना रहता था और कई बार घर पहुंच कर भी वह भारीपन महसूस होता था। शायद वही फिल्म का सबसे मुश्किल हिस्सा था। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ प्रस्तुत 'तेरे इश्क़ में' को कलर येलो प्रोडक्शन के साथ मिलकर बनाया गया है। फिल्म का निर्माण आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा ने किया है, जबकि भूषण कुमार और कृष्ण कुमार सह-निर्माता के रूप में जुड़े हैं। निर्देशन की बागडोर आनंद एल. राय के हाथों में है, वहीं पटकथा हिमांशु शर्मा और नीरज यादव ने लिखी है।

## फिल्म की शूटिंग के बीच चोटिल हुईं श्रद्धा कपूर



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी अगली फिल्म 'ईथा' की शूटिंग के दौरान घायल हो गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नासिक में जारी शूटिंग के दौरान डांस सीक्वेंस करते हुए उनका संतुलन बिगड़ गया, जिसके चलते उनके बाएं पैर की एक उंगली में फ्रैक्चर हो गया। चोट लगने के बाद फिल्म की शूटिंग को फिलहाल के लिए रोक दिया गया है और श्रद्धा को आराम करने की सलाह दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार श्रद्धा फिल्म में मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायण गांवकर की भूमिका निभा रही हैं और शूट के दौरान उसी पारंपरिक लावणी स्टाइल परफॉर्म कर रही थीं। एक तेज़ स्टेप के दौरान उन्होंने अनजाने में पूरा वजन बाएं पैर पर डाल दिया, जिससे उंगली में फ्रैक्चर हो गया। सीन के दौरान श्रद्धा नौवारी साड़ी, भारी गहने और कमरपट्टा पहने हुए थीं। किरदार में पूरी तरह ढलने के लिए उन्होंने करीब 15 किलो वजन बढ़ाया है। सूत्रों के अनुसार चोट लगने के बाद भी श्रद्धा सेट पर दिन व्यर्थ नहीं जाने देना चाहती थीं। उन्होंने टीम को सुझाव दिया कि इस बीच क्लोज़-अप शॉट्स फिल्माए जा सकते हैं।

## विधु विनोद चोपड़ा ने आईएफएफआई 2025 में खोले राज




56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के दूसरे दिन विख्यात फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा ने अपनी बेबाकी और संवेदनशील विचारों से भरी एक विशेष मास्टरक्लास में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'अनस्क्रिप्टेडः द आर्ट एंड इमोशन ऑफ फिल्ममेकिंग' शीर्षक से आयोजित इस सत्र का संचालन पुरस्कार-विजेता स्क्रीनराइटर अभिजात जोशी ने किया। हॉल खचाखच भरा था, जो विधु विनोद चोपड़ा की लोकप्रियता और पीढ़ियों पर उनके प्रभाव को दर्शाता है। मंत्रालय सूचना एवं प्रसारण, एनएफडीसी और गोवा सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आईएफएफआई 2025 इस वर्ष भी ज्ञान-विनिमय और फिल्म निर्माण की बारीकियों को समझाने वाली मास्टरक्लासों के माध्यम से अपने उद्देश्य को मजबूत करता दिखा। इस दौरान विधु विनोद चोपड़ा ने अपनी तीन महत्वपूर्ण फिल्मों, 'परिंदा', '1942ः ए लव स्टोरी' और '12th फेल', के जरिए बताया कि कैसे हर फिल्म उस दौर में उनके व्यक्तित्व और परिस्थितियों से प्रभावित थी। विधु विनोद चोपड़ा ने कहा, ₹जब मैंने परिंदा बनाई, तब मैं खुद बहुत हिंसक स्वभाव का था। अब मैं काफी शांत हूं और इसका श्रेय अनुपमा को जाता है, जो 30 साल से मेरे साथ हैं। उन्होंने मुझे बदल दिया।₹ उन्होंने यह भी खुलासा किया कि फिल्म का अंत बदलने के लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स ने उन्हें 11 लाख रुपये नकद देने की पेशकश की थी, ताकि अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित का किरदार जीवित दिखाया जा सके। ₹मैंने साफ कहा कि मैं यह नहीं कर सकता, क्योंकि फिल्म का संदेश ही है कि हिंसा का जवाब हिंसा है,₹ उन्होंने कहा।


## 'तू मेरी मैं तेरा...' का टीजर रिलीज



कार्तिक आर्यन के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। उनकी और अनन्या पांडे की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का बहुप्रतीक्षित टीज़र जारी कर दिया गया है। जून में रिलीज हुए पहले रोमांटिक पोस्टर के बाद अब टीज़र ने फैंस के उत्साह को और बढ़ा दिया है। फिल्म का निर्देशन 'सत्यप्रेम की कथा' फेम समीर विद्वांस ने किया है। इस क्रिसमस पर कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे फिर से बड़े पर्दे पर धमाल मचाने आ रहे हैं। फिल्म में कार्तिक का नाम रे और अनन्या का किरदार रूमी है।

काला हिरण शिकारकांडः 5वां आरोपी गिरफ्तार, करोड़ों के रैकेट का खुलासा

# विदेशी असलहे से होता था शिकार
# 50 लाख की बंदूकें बरामद



एजेंसी I इंदौर

काला हिरण के अवैध शिकार और तस्करी से जुड़े बहुचर्चित मामले में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (STSF) ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए शाजापुर जिले के राघौखेड़ी गांव निवासी आजाद सिंह सोलंकी को गिरफ्तार कर लिया। यह इस मामले का पांचवां आरोपी है, जबकि इससे पहले चार आरोपित मुंबई से दबोचे जा चुके हैं। करीब एक वर्ष से चल रही इस जांच में मध्य प्रदेश से की गई यह पहली महत्वपूर्ण गिरफ्तारी मानी जा रही है। रिमांड के दौरान आजाद सिंह ने कई अहम खुलासे किए, जिनमें यह भी शामिल है कि वह अपने खेतों में गिरोह को बुलाकर शिकार करवाता था। पूछताछ पूरी होने पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। STSF के प्रवक्ता शरद कुमार जाटव ने बताया कि आरोपितों पर काला हिरण शिकार से जुड़े दो केस दर्ज किए गए हैं और आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई अभी जारी है।

### गड्ढे में छिपाया गया था असलहा

जांच में पता चला कि गिरोह ने स्वीडन से लगभग 50 लाख रुपये की हाई-टेक बंदूकें मंगवाई थीं, जिनका उपयोग काला हिरण, चीतल और अन्य वन्यजीवों के शिकार में किया जाता था। पुलिस ने दो हथियार बरामद किए हैं—एक विदेशी और दूसरी 12 बोर की भारतीय बंदूक। दोनों को भोपाल के पास एक फार्महाउस में गड्ढा खोदकर छुपाया गया था। आरोपितों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज आमिर ने उन्हें स्वीडिश गन चलाना सिखाया था।



### पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका में भी नेटवर्क

मुख्य आरोपी इम्तियाज के बारे में खुलासा हुआ कि वह दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में भी शिकार कर चुका है, और वहां भी उसका नेटवर्क सक्रिय है। शिकार के बाद जानवरों की खाल विदेशों में बेच दी जाती थी। इम्तियाज के मोबाइल का डेटा रिकवर हो चुका है, जिसमें कई चौंकाने वाले वीडियो और तस्वीरें मिले हैं। बाकी आरोपितों के मोबाइल का डेटा भी खंगाला जा रहा है।

### मामले की शुरुआत कैसे हुई?

3 दिसंबर 2024 को इंदौर के किशनगंज क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक लग्जरी कार से काला हिरण का 65 किलो मांस मिला था।—जौहर, सलमान और इम्तियाज—गिरफ्तार किए गए। इन्हीं की निशानदेही पर यह पूरा नेटवर्क सामने आया। बाद में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने इस मामले को अपने हाथ में लिया और जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और कान्हा नेशनल पार्क में भी अवैध शिकार करता था।

### गिरोह के सदस्य और उनकी भूमिकाएं

- इम्तियाज (मुंबई) – गिरोह का मास्टरमाइंड, मसाले के कारोबार की आड़ में तस्करी करता था।
- सलमान (मुंबई) – रेडिमेड कपड़े का व्यापारी, खाल को प्रोसेस करने में
- विशेषज्ञ।
- जौहर हुसैन (मुंबई) – ग्रामीणों से संपर्क कर वन्यजीवों की गतिविधियों की जानकारी जुटाता था।
- सबाह (मुंबई) – निजी एयरलाइंस में कार्यरत, खाल की तस्करी के सौदे फाइनल करता था।
- आजाद सिंह (शाजापुर) – खेत उपलब्ध कराकर शिकार करवाने में प्रमुख भूमिका निभाता था।

### आजाद सिंह की भूमिका

STSF के अनुसार आजाद सिंह 250 बीघा जमीन वाला किसान है। उसके क्षेत्र में हिरण और चीतल की गतिविधि अधिक रहती है, जिसका फायदा उठाकर वह तस्करों को बुलाता था। उसने स्वीकार किया कि गिरोह के सदस्य इम्तियाज और सलमान ने काला हिरण का शिकार उसके ही खेतों में किया था। सूत्रों के अनुसार गिरोह शाजापुर और आसपास के क्षेत्रों में कई बार वन्यजीवों का अवैध शिकार कर चुका है।

# नेपाल सीमा से UAE नागरिक सहित दो संदिग्ध गिरफ्तार

▶▶ अवैध तरीके से सीमा पार कराने की कोशिश नाकाम

एजेंसी I पूर्वी चंपारण

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में सुरक्षा एजेंसियों ने भारत–नेपाल सीमा पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एक नागरिक सहित दो लोगों को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा है। आरोप है कि दोनों ग्रामीण मार्ग से नेपाल में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उनकी गतिविधियों को संदिग्ध पाते ही SSB और नेपाल सशस्त्र पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तार व्यक्तियों में एक की पहचान सीतामढ़ी निवासी अनवर के रूप में हुई है, जबकि दूसरा व्यक्ति यूएई का नागरिक सलेम अब्दुल्ला खलफान अल शम्सी (34) है। अल शम्सी के पास से उसका वैध पासपोर्ट मिला, लेकिन उसकी यात्रा पर कई सवाल खड़े हो गए, क्योंकि पासपोर्ट पर भारत का 'डिपार्चर स्टाम्प' नहीं था।



### कैसे पकड़े गए?

दोनों को नो–मैन्स लैंड के पिलर संख्या 389/9 के पास सहदेवा गांव से बलिरामपुर की ओर जाते समय रोका गया। पूछताछ में पता चला कि अल शम्सी 8 मार्च 2025 को टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था, जो 29 अगस्त 2025 तक वैध था। उसके पास मुंबई एफआरआरओ द्वारा जारी वीजा विस्तार की पावती भी मिली। चूंकि पासपोर्ट पर भारत से निकासी का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं था, सुरक्षा एजेंसियों ने दोनों को तुरंत इमिग्रेशन ब्यूरो के हवाले कर दिया।

### स्थानीय नेटवर्क सक्रिय

पूछताछ में अल शम्सी ने खुद को अबू धाबी के अल ऐन का निवासी बताया और कहा कि वह टूरिज्म व बिजनेस अवसरों की तलाश में भारत आता–जाता रहा है। उसने यह भी खुलासा किया कि वह रक्सौल के होटल में जम्मू–कश्मीर के राजौरी निवासी हक नवाज़ के साथ ठहरा था, जो उसके अबू धाबी स्थित कैफे में काम करता है। अनवर ने उसे विश्वास दिलाया था कि वह बिना परेशानी के नेपाल के वीरगंज तक पहुंचा देगा। जांच में यह भी सामने आया कि अनवर के पास भारत और नेपाल दोनों के संदिग्ध दस्तावेज थे और वह लोगों को गैरकानूनी तरीके से सीमा पार कराने में शामिल था।

### अधिकारी कर रहे गहन पूछताछ

हक नवाज़ का नाम भी मामले में आया है, जो गिरफ्तारी की जानकारी मिलते ही नेपाल की बलिरामपुर बीसीपी पहुंच गया। सुरक्षा एजेंसियां तीनों संदिग्धों से पूछताछ कर रही हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मामला केवल अवैध पारगमन का है या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। अधिकारियों के अनुसार, सभी पहलुओं की गहराई से जांच की जा रही है और जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### एंटी ड्रोन सिस्टम की निगरानी में होंगे प्रमुख एयरपोर्ट

**नई दिल्ली।** देशभर के प्रमुख हवाई अड्डों पर ड्रोन हमलों की आशंका को देखते हुए जल्द ही एंटी–ड्रोन सिस्टम लगाए जाएंगे। वैश्विक तनाव, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बने हालात और हालिया जांचों में सामने आए खतरों के बाद केंद्र सरकार ने यह कदम उठाने का फैसला किया है। दिल्ली कार धमाके की जांच में भी संकेत मिले थे कि आतंकवादी संगठन ड्रोन हमले की साजिश रच रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, यह पहली बार है जब भारत के सिविल एयरपोर्ट पर इस तरह की हाई–टेक सुरक्षा व्यवस्था लागू की जा रही है। गृह मंत्रालय इस प्रोजेक्ट की निगरानी कर रहा है, जबकि BCAS ने DGCA, CISF और अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष कमेटी बनाई है, जो तकनीकी मानकों से लेकर सिस्टम की स्थापना तक पूरी प्रक्रिया पर काम कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, एंटी–ड्रोन सिस्टम के स्पेसिफिकेशन पर अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंजूरी मिलते ही खरीद प्रक्रिया शुरू होगी।

### तिरुपति बालाजी मंदिर : मिलावटी घी से बनाए गए 20 करोड़ लड्डू

नई दिल्ली। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (TTD) में लड्डू प्रसाद में बड़े पैमाने पर मिलावट का मामला सामने आया है। ट्रस्ट बोर्ड की जांच में पता चला है कि वर्ष 2019 से 2024 के बीच बने 48.76 करोड़ लड्डुओं में से करीब 20 करोड़ लड्डू ऐसे थे, जिनमें शुद्ध घी की जगह मिलावटी घी का उपयोग किया गया। यह खुलासा भीड़, घी की खरीद और उत्पादन के रिकॉर्ड की समीक्षा के बाद हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक 68 लाख किलो नकली घी—जिसमें पाम ऑयल, पाम कर्नेल ऑयल और अन्य मिलावटी पदार्थ शामिल थे—उत्तराखंड की भोले बाबा डेयरी और उसकी संबंधित कंपनियों से खरीदा गया था। इस घी की बाजार कीमत लगभग 250 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

### यूरोप में भी चलेगा भारत का यूपीआई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) और एनपीसीआई इंटरनेशनल ने यूरोपीय सेंट्रल बैंक के साथ मिलकर एक बड़ा कदम उठाया है। जल्द ही भारत का यूपीआई यूरोप के इंस्टैंट पेमेंट सिस्टम TIPS (टार्गेट इंस्टैंट पेमेंट सेटलमेंट) से जुड़ने जा रहा है। दोनों पक्ष इस परियोजना के "रियलाइजेशन फेज़" में प्रवेश कर चुके हैं। इस पहल के लागू होने के बाद फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन और नीदरलैंड जैसे देशों में भारतीय यात्री किसी भी रेस्टोरेंट, होटल, दुकान या टैक्सी में यूपीआई स्कैन कर सीधे भुगतान कर सकेंगे—वह भी बिना विदेशी कार्ड या नकदी की जरूरत के।

# और जहरीली हुई दिल्ली की हवा

सीएक्यूएम ने ग्रैप–3 की कड़ाई, ग्रैप–4 के शुरुआती उपाय लागू करने का आदेश




एजेंसी I नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। शनिवार सुबह कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 400 के ऊपर दर्ज हुआ, जिससे हवा "गंभीर" श्रेणी में पहुंच गई और लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इस बढ़ते संकट को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक कर ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) चरण-3 को पूरी सख्ती से लागू करने का निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही आयोग ने ग्रैप-4 के कुछ प्रावधानों को भी अभी से अपनाने की सलाह दी है।

### घर से काम करने की सलाह

सीएक्यूएम ने अपने बयान में बताया कि ग्रैप–3 के तहत ही ग्रैप–4 के कुछ नियम शामिल किए जा रहे हैं। इन उपायों में सबसे प्रमुख है—राज्य और केंद्र सरकार के 50 प्रतिशत कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा देना। राज्य सरकारें जल्द इस पर निर्णय ले सकती हैं। निजी कंपनियों को भी कर्मचारियों को घर से काम देने की सलाह दी गई है।

### ग्रैप–4 के तहत क्या होता है?

जब वायु गुणवत्ता 451 या उससे अधिक हो जाती है, तब ग्रैप–4 लागू होता है। इसमें स्कूलों को हाइब्रिड मोड पर चलाने की सिफारिश, दफ्तरों में व्यापक स्तर पर वर्क फ्रॉम होम, दिल्ली–एनसीआर में गैर–जरूरी वाणिज्यिक वाहनों पर रोक के साथ निर्माण कार्यों पर सख्त प्रतिबंध शामिल है। स्कूल और दफ्तर बंद करने जैसे निर्णय संबंधित राज्य सरकारें ही लेती हैं, सीएक्यूएम केवल सलाह जारी करता है।

# ISI समर्थित चार हथियार तस्कर गिरफ्तार

▶▶ ड्रोन के जरिए भारत में की जा रही थी पिस्टल की सप्लाई

▶▶ दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने माड्यूल का किया खुलासा



एजेंसी I नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी नेटवर्क का खुलासा किया है। गिरोह ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तान से आधुनिक पिस्टल भारत में भेजता था। पुलिस ने मॉड्यूल से जुड़े चार तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 अत्याधुनिक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और 92 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। बरामद हथियारों में विशेष बलों द्वारा उपयोग की जाने वाली तुर्किये निर्मित पीएक्स-5.7 पिस्टल भी शामिल है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजीव यादव के अनुसार, 19 नवंबर को सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर रोहिणी इलाके में विदेशी हथियारों की सप्लाई करने वाले हैं। इस पर इंस्पेक्टर मन सिंह और इंस्पेक्टर सुंदर गौतम की टीम ने रोहिणी सेक्टर-28 स्थित खाटू श्याम मंदिर के पास जाल बिछाया। वहां पहुंची एक सफेद स्विफ्ट डिजायर की जांच में स्पीकर बॉक्स के भीतर छुपाया हुआ डफल बैग मिला, जिसमें आठ विदेशी पिस्टल और 84 कारतूस रखे हुए थे।

### ड्रोन से होती थी हथियारों की डिलीवरी

जांच में सामने आया कि हथियार पाकिस्तान से ड्रोन द्वारा रात के समय भारतीय इलाके में गिराए जाते थे। गिरोह जीपीएस लोकेशन के आधार पर पैकेट उठाता था और हथियारों को कार्बन पेपर में लपेटा जाता था ताकि स्कैनिंग में पकड़ न आए। इस नेटवर्क को विदेश में बैठे गैंगस्टर सोनू खत्री उर्फ राजेश कुमार द्वारा संचालित किया जाता था। उसका सहयोगी जसप्रीत उर्फ जस आईएसआई से जुड़े मॉड्यूल के माध्यम से हथियार मंगवाता था।

### आपराधिक इतिहास भी खंगाला गया

मुख्य आरोपी मनीदीप सिंह हत्या, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस के कई मामलों में वांछित रहा है। दलविंदर आर्थिक तंगी के कारण इस अवैध धंधे में शामिल हुआ। रोहन तोमर पहले भी गोगी, भाऊ और नंदू गैंग को हथियार सप्लाई कर चुका है और उससे 17 पिस्टल तथा 700 कारतूस बरामद हुए थे। अजय उर्फ मोनू चोरी और अवैध सप्लाई के मामलों में पहले भी गिरफ्तार हो चुका है।

# नाइजीरिया में स्कूल से 227 छात्र और शिक्षक अगवा

एजेंसी I अबुजा (नाइजीरिया)

नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी नाइजर राज्य में शुक्रवार को एक गंभीर अपहरण घटना सामने आई, जहां सशस्त्र हमलावरों ने सेंट मैरी कैथोलिक स्कूल पर हमला कर कम से कम 227 छात्रों और शिक्षकों को उठा ले जाने की वारदात को अंजाम दिया। क्रिश्चियन एसोसिएशन ऑफ नाइजीरिया (सीएएन) ने घटना की पुष्टि की है। इस ताज़ा अपहरण ने 2014 के कुख्यात चिबोक मामले की याद दिला दी, जब 276 स्कूली लड़कियों को बोको हराम आतंकियों ने अगवा कर लिया था। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बंदूकधारी अचानक स्कूल परिसर में घुसे और बच्चों तथा स्कूल कर्मचारियों को जबरन आसपास के जंगलों की ओर ले गए। स्थानीय पुलिस और नाइजर राज्य प्रशासन



ने अपहरण की पुष्टि की है, हालांकि उन्होंने सटीक संख्या का खुलासा नहीं किया है। सुरक्षा बलों ने अपहृतों की तलाश में आसपास के जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### सरकार के निर्देशों की अनदेखी

राज्य सरकार का कहना है कि स्कूल ने उन निर्देशों की अवहेलना की, जिनमें सुरक्षा खतरे के चलते बोर्डिंग स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश दिया गया था। यह घटना सप्ताहभर में शैक्षणिक संस्थानों पर हुए कई हमलों में से एक है।

### क्षेत्र में बढ़ती हिंसा की घटनाएं

बीते सोमवार को केबी राज्य के एक बोर्डिंग स्कूल से 25 लड़कियों का अपहरण किया गया। इसी तरह क्वारा राज्य में एक चर्च पर हमला, जहां से 38 लोगों को अगवा किया गया। इन घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देश के अलग–अलग हिस्सों में हिंसा की स्थितियाँ बनी हुई हैं।

# हथियार डाल मुख्य धारा में लौटे 37 माओवादी

तेलंगाना में बड़ा सरेंडर अभियान, हाल के दिनों में हुए बड़े एनकाउंटर

एजेंसी I हैदराबाद


तेलंगाना में नक्सल उन्मूलन अभियान को बड़ी सफलता मिली है। राज्य सरकार की नीतियों और पुलिस दबाव के बीच शनिवार को 37 माओवादियों ने पुलिस महानिदेशक शिवधर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय



लिया। संगठन के शीर्ष नेता आज़ाद, नारायण, एर्रालू सहित 25 महिलाएं भी शामिल हैं। सरेंडर के दौरान माओवादियों ने पुलिस को एके-47, एसएलआर, जी3 राइफल, 303 राइफल और भारी मात्रा में कारतूस समेत कई हथियार सौंपे। पुलिस महानिदेशक ने सभी को इनाम राशि, पुनर्वास सहायता और सुरक्षित भविष्य का आश्वासन दिया।

# साजिश नाकाम : जंगल से मिलीं 161 जिलेटिन छड़ें

▶▶ अल्मोड़ा में एक स्कूल के पास से हुई बरामदगी, जांच तेज



एजेंसी I अल्मोड़ा

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के सल्ट थाना क्षेत्र में एक स्कूल के नजदीक बड़ी संख्या में जिलेटिन छड़ें मिलने से शुक्रवार को हड़कंप मच गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डबरा के पास बच्चों को जंगल में संदिग्ध सामग्री दिखी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान कुल 161 जिलेटिन छड़ें बरामद कर सुरक्षित कब्जे में ले लीं। घटना की जानकारी मिलते ही बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। विशेषज्ञों ने घटनास्थल की जांच कर सैंपल एकत्र किए। पुलिस ने बताया कि जिलेटिन की छड़ें सामान्यतः सड़क निर्माण कार्यों में पत्थर तोड़ने के लिए उपयोग की जाती हैं, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में इनका स्कूल के पास मिलना गंभीर मामला है।

### अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज


थाना सल्ट में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर दिया गया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि जिलेटिन छड़ें यहां कैसे और किस उद्देश्य से पहुंचाई गईं। अल्मोड़ा के एसएसपी देवेंद्र सिंह पींचा ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाह से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विस्तृत जांच कर रही है।

**उम्मीद** ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस डिवाइस को ह्यूमन ट्रायल की मंजूरी

# जो बोल नहीं सकते, उनकी आवाज वापस लौटाएगी नई डिवाइस

एजेंसी I वाशिंगटन

बोल पाने में असमर्थ लोगों का दर्द खत्म होने की उम्मीद जगी है। अमेरिकी कंपनी पैराड्रोमिक्स ने एक नई ब्रेन डिवाइस बनाई है जो दिमाग की तरंगों को सीधे पढ़कर उसे उनकी ही आवाज में बोल देगी। बड़ी बात है कि इस खास ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) डिवाइस को खाद्य एवं औषधि प्रशासन(एफडीए) ने इंसानों पर लंबे टेस्ट की इजाजत दे दी है। 2026 की शुरुआत में पहले दो मरीजों के दिमाग में यह छोटी-सी डिवाइस लगाई जाएगी।




### डिवाइस कैसे काम करेगी?

जिन लोगों का दिमाग ठीक है, लेकिन बीमारी या चोट की वजह से बोल नहीं सकते (जैसे ब्रेन स्ट्रोक वालों को), उनको दोबारा बोलने की ताकत देगी। वो सोचेंगे और उनका खुद की आवाज में कंप्यूटर बोलेगा। पहले सिर्फ एक छोटा मॉड्यूल (7.5 एमएम का) लगेगा। यह होंठ, जीभ और गले को कंट्रोल करने वाले हिस्से में लगाया जाएगा। अगर सब ठीक रहा तो 10 मरीजों तक ट्रायल बढ़ेगा और दो मॉड्यूल लगाए जाएंगे।

### वैज्ञानिक बता रहे उम्मीद भरा कदम

पैराड्रोमिक्स के इस डिवाइस को वैज्ञानिक उम्मीद भरा कदम बता रहे हैं। नीदरलैंड में यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में शोधकर्ता मारिस्का वैनस्टीनसेल कहती हैं कि यह बहुत ही रोमांचक कदम है। अगर मरीज घर जाकर सालों तक ये डिवाइस इस्तेमाल कर सकें, तभी असली सफलता होगी। उम्मीद है सारी कंपनियां अपने डाटा और डिवाइस को शेयर करेंगी ताकि रिसर्च आगे बढ़े।

### न्यूरालिंक से अलग है नई डिवाइस

बता दें कि इससे पहले मस्क की न्यूरालिंक कंपनी भी चिप बना चुकी है। जो लकवाग्रस्त लोगों के लिए नई उम्मीद है। पिछले साल जनवरी में न्यूरालिंक ने 29 साल के लकवाग्रस्त युवक के दिमाग में यह लगाई थी। इस चिप के जरिए युवक ने सिर्फ सोचकर ही हाथ हिलाये, कंप्यूटर कर्सर चलाया, शतरंज खेली, वीडियो गेम खेला और मैसेज टाइप किया। पैराड्रोमिक्स की नई डिवाइस इस चिप से अलग है क्योंकि यह खासतौर पर बोलने के लिए बनाया गया है।

### दुनिया में और कौन कर रहा है ऐसा?

न्यूयॉर्क की एक और कंपनी सिंक्रोन की बनाई डिवाइस स्टेंट्रोड भी इस तरह का काम कर रही है। इसे नस के अंदर एक स्टेंट (जालीदार ट्यूब) पर 12–16 इलेक्ट्रोड लगाकर इम्प्लांट किया जाता है। यह दिमाग की सतह को छेदे बिना, नस के अंदर से न्यूरॉन की औसत गतिविधि को रिकॉर्ड करता है।